e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 220
शनिवार
12.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

उनके बारे में सोचकर समय क्या बर्बाद करना जिन्हें आप बदल ही नहीं सकते..

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## सीएम ने मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# सीएम फैलोशिप प्रोग्राम जल्द होगा शुरू

* दुनिया के 100 से ज्यादा विश्वविद्यालय में एमफिल और पीएचडी समेत अन्य कोर्स के लिए स्कॉलर्स को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा**

* आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे, यह सरकार का है संकल्प
* सीएम बोले -बच्चों की प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च वहन कर रही सरकार
* आप शिक्षित होंगे तो आपकी आने वाली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी
* झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को हुनर दिखाने का मिलेगा पूरा मौका
* आप बेहतर मुकाम हासिल करेंगे तो झारखंड का नाम भी रोशन होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : अगर आप शिक्षित होंगे तो आपकी अगली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में नई शुरुआत कर रहे हैं। इसके तहत कड़ी से कड़ी जोड़कर व्यवस्था को मजबूत और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं । बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगाव और उत्सुकता बनी रहे, इसके लिए कई योजनाएं शुरू की है। ताकि, आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीएम फैलोशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम के तहत दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में झारखंड के स्कॉलर्स को एमफिल और पीएचडी जैसे कोर्सेज के लिए वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों-मूल वासियों में हुनर की कोई कमी नहीं है। लेकिन, उचित प्लेटफार्म नहीं मिलने से इनकी प्रतिभा गुम हो जाती थी। जब हमारी सरकार बनी तो हमने इसकी वजहों को जानने का प्रयास किया। शिक्षा के क्षेत्र में रिफॉर्म का सिलसिला शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कई योजनाएं चल रही है। हमारा प्रयास है कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके पठन-पाठन का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। आज बच्चों की प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार दे रही है। प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बने, इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है।

### इन विद्यार्थियों का हुआ है चयन

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत तीसरे बैच (सत्र 2023-24) के लिए अनुसूचित जनजाति के 10 अनुसूचित जाति के पांच, ओबीसी के सात और अब अल्पसंख्यक वर्ग के तीन विद्यार्थियों का चयन विदेशों के विश्वविद्यालय महाविद्यालय में 31 कोर्सेज के लिए हुआ है।

**अनुसूचित जनजाति** : कमल शाश्वत, ज्योति वंदना लकड़ा, आयुष स्टीफन टोप्पो, मेरी स्मृति कुजूर, मांगू पूर्ति, प्रफुल्ल किरण केरकेट्टा, जे. नीतू सोरेन, हर्कुलस सिंह मुंडा, मधुमिता मुंडा और स्तुति होरो।

**अनुसूचित जनजाति:** निर्भय प्रकाश, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश कुमार, निधि बाघवर और अक्षय कुमार।

पिछड़ा वर्ग : अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार मोदी, प्रेरित राज, जीशान आलम, कुमार प्रीतम पुरी और मल्लिका महतो।

अल्पसंख्यक: हसन अल बन्ना, मोहम्मद जीशान अहमद और फैजान अली



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम,चम्पाई सोरेन और हफीजुल हसन,मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।




### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई.बैठक में 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी. कैबिनेट ने झारखंड पुलिस के हेलीकॉप्टर के पायलट के लिए राशि को मंजूरी दी. चाईबासा में 3 नए थाने को मिली मंजूरी. पुलिस के खर्च की सीमा बढ़ाई गई. पंचायत भवन में डिजिटल पंचायत केंद्र खुलेगा.

रांची में एशियन महिला हॉकी के आयोजन के लिए राशि की मिली मंजूरी. गुमला में सिसई बना पुलिस अंचल.सरकारी पैरामेडिकल छात्रों को एक साल करना होगा राज्य में काम

वन टाइम सेटेलमेंट योजना को तीन महीने का विस्तार.झारखंड आफ्टर केयर के लिए दिशा-निर्देश को मिली मंजूरी. जिन जिलों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण का प्रतिशत शून्य है वहां इन्हें सरकार ईडब्ल्यूएस का लाभ देगी. जिला स्तरीय नियुक्ति के लिए इसके दायरे में 7 जिले है. झारखंड आफ्टर केयर के लिए दिशा-निर्देश को मिली मंजूरी. मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए भी विस्तृत मार्गदर्शिका को मंजूरी. राज्य वित आयोग के गठन की प्रक्रिया में संशोधन

एकलव्य प्रशिक्षण योजना के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका को मंजूरी

राज्य में प्रत्येक परिवार को एक किलो चना-दाल देने की संशोधित योजना को मिली मंजूरी.

## क्विक न्यूज

### मुठभेड़ में जवान शहीद

**दुमका** : चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवानों को गोली लगने के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों जवानों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। इलाज के दौरान सीआरपीएफ के जवान सुशांत कुमार की मौत हो गई। सीआरपीएफ जवान सुशांत कुमार को सीने में गोली लगी थी। इसके बाद उनको एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया,लेकिन मेडिका में भर्ती कराने के बाद चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। बता दें कि सुशांत कुमार ओड़िशा के रहने वाले थे। इसके अलावा सीआरपीएफ के एक अन्य जवान मुन्ना को पैर में गोली लगी है, जिनका इलाज मेडिका में चल रहा है।

### जंगलों में लगी आग से अबतक 36 की मौत

**हवाई द्वीप:** हवाई द्वीप समूह के जंगलों में लगी आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। माउई काउंटी सरकार ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है। हवाई के आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आग मंगलवार तड़के लगी, जिसकी वजह से यहां के घर, व्यवसायों और सर्विस के साथ-साथ में माउई द्वीप पर रहने वाले 35,000 से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। राज्य की एजेंसी ने कहा कि आग ने 2,000 एकड़ (800 हेक्टेयर) से ज्यादा की जमीन को जला दिया है। जंगल की आग फिलहाल नियंत्रण से बाहर है। तेज़ हवाओं और शुष्क परिस्थितियों ने हवाई के ज्यादातर हिस्से को रेड जोन में बदल दिया है, मगर इससे अब कुछ राहत मिली है। इसके अलावा बिग आइलैंड और माउई में अभी भी तेज आग जल रही है। भयानक आग की लपटों से बचने के लिए डरे हुए लोगों ने समुद्र में छलांग लगा दी।

### पलामू : आपस में भिड़े नक्सली, दो की मौत

**पलामू** : पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के होटाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के नक्सली आपस में भिड़ गए. दोनों के बीच हुई गोलीबारी में दो नक्सली की मौत हो गई है, जबकि कई नक्सलियों को गोली लगने की सूचना है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट जुट गई. घटनास्थल से पुलिस ने खोखा बरामद किया है. वहीं पुलिस ने नक्सली संतोष यादव के शव को बरामद कर लिया है. पुलिस पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है. जानकारी के अनुसार जेजेएमपी जोनल कमांडर गणेश लोहरा की आपस में ही लड़ाई हो गई. इस घटना में गणेश लोहरा और संतोष यादव की मौत हो गई, जबकि कई घायल बताये जा रहे हैं. पुलिस कप्तान रेष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है. मृतक गणेश लोहरा की पत्नी अनिता लोहरा ताल पंचायत की मुखिया है.

# मणिपुर को जलाना चाहते हैं पीएम : राहुल



एजेंसी

**नई दिल्ली** : मणिपुर के मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने 2 घंटे 13 मिनट के भाषण में मणिपुर पर सिर्फ 2 मिनट की. इन 2 मिनट में भी पीएम हंसकर मणिपुर का मजाक उड़ा रहे थे. राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर का मजाक उड़ाना ठीक नहीं है. साथ ही राहुल ने ये भी बताया कि उन्होंने भारत माता की हत्या वाला बयान क्यों दिया था ? प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय सेना 2 दिनों में इस पूरी हिंसा को नियंत्रित कर सकती है. लेकिन पीएम ने आग बुझाने से मना किया. राहुल ने कहा कि पीएम आग बुझाना ही नहीं चाहते वे तो खुद मणिपुर को जलाना चाहते हैं.

राहुल ने कहा कि मणिपुर के कुकी क्षेत्र में जब मैं गया तो मुझसे साफ कहा गया था कि आपकी सुरक्षा में कोई मैतेई नहीं होना चाहिए, वरना हम उसे मार देंगे. वैसे ही जब मैं मैतेई क्षेत्र में गया तो मुझसे कहा गया कि आपके साथ कोई कुकी नहीं होना चाहिए, वरना मैतेई लोग उसे मार देंगे. राहुल ने कहा कि मणिपुर एक स्टेट नहीं, बल्कि दो स्टेट हैं. मणिपुर की हत्या कर दी गई है, उसे चीर दिया गया है. इसलिए मैंने बोला कि हिंदुस्तान की हत्या कर दी गई है.

राहुल गांधी ने कहा कि जहां भी भारत मां पर आक्रमण होगा, मैं वहां रक्षा में खड़ा मिलूंगा. राहुल ने कहा कि मैं देश की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर खड़ा रहूंगा. उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री भूल गए हैं कि मणिपुर राज्य में आग लगी हुई है और कई दिनों से आग लगी हुई है. उन्होंने कहा कि संसद के बीच में बैठे प्रधानमंत्री हंस रहे थे.

# गुजरात : सड़क हादसे में 10 की मौत

एजेंसी

**अहमदाबाद** : अहमदाबाद के बावला-बगोदरा हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 महिलाएं, 3 बालक और 2 पुरुष हैं। दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हो गए। मालवाहक टेम्पो में सवार लोग चोटिला में माता चामुण्डा का दर्शन कर लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस, पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गई। अहमदाबाद से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर बावला-बगोदरा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे आ रहे मालवाहक टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी। कपडवंज और बालासिनोर के 17 लोग मालवाहक टेम्पो में सवार होकर सुरेन्द्रनगर के चोटिला स्थित चामुण्डा माता के दर्शन के लिए गए थे। यहां दर्शन के बाद सभी लौट रहे थे। इसी दौरान बावला-बगोदरा के बीच मीठापुर पाटिया के पास सड़क किनारे पंचर ट्रक खड़ा था। इसी बीच पीछे से आ रहा मालवाहक टेम्पो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी



कि मालवाहक टेम्पो के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार 10 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कई एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को समीप के अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

### हिमाचल : नदी में समाई पुलिस की जीप, छह की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिला स्थित तीसा थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों से भरी एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर खाई में लुड़कने के बाद सियोल नदी में जा गिरी। बताया गया कि दर्दनाक हादसे में वाहन में सवार छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चालक और पांच पुलिस कर्मी हैं। चार लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती किया गया है। नदी के तेज बहाव में एक लापता है। तीसा पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ की टीम ने भी सहयोग किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सड़क दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति के लिये प्रार्थना और शोकग्रस्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं।

## मॉनसून सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री ने लोक सभा में पेश किया तीन बिल

# नाबालिग से गैंग रेप पर सजा-ए-मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मॉनसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य विधेयक और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में सुधार के लिए तीन विधेयक पेश किए. इस दौरान अमित शाह ने कहा कि 1860 से 2023 तक देश की आपराधिक न्याय प्रणाली अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों के अनुसार कार्य करती रही. अब अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीनों कानून बदल जाएंगे और देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव होगा. शाह ने जिन विधयकों को पेश किया, उनके कानून बनने के साथ ही राजद्रोह खत्म हो जाएगा. इसके अलावा इसमें मॉब लिंचिंग, महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में भी तमाम बदलाव किए गए हैं. अमित शाह ने बताया कि नए कानून बनने से 533 धाराएं खत्म होंगी. 133 नई धारा शामिल की गई हैं. जबकि 9 धारा को बदल दिया गया है.इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, एसएमएस, लोकेशन साक्ष्य, ईमेल आदि सबकी कानूनी वैधता होगी.अमित शाह ने बताया कि नए कानूनों में हमने महिलाओं के प्रति अपराध और सामाजिक समस्याओं के निपटने के लिए ढेर सारे प्रावधान किए हैं. गैंग रेप के सभी मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है, 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के मामले में मृत्युदंड का प्रावधान भी किया गया है.

**मॉब लिंचिंग में मौत तक की सजा का प्रावधान:** नए विधेयक में मॉब लिंचिंग को हत्या की परिभाषा में जोड़ा गया है. जब 5 या 5 से अधिक लोगों का एक समूह एक साथ मिलकर नस्ल,जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के हर सदस्य को मौत या कारावास से दंडित किया जाएगा. इसमें न्यूनतम सजा 7 साल और अधिकतम मौत की सजा का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा जुर्माना भी लगाया जाएगा.




**नाबालिग से रेप में मौत की सजा:** अमित शाह ने बताया कि नए कानूनों में हमने महिलाओं के प्रति अपराध और सामाजिक समस्याओं के निपटने के लिए ढेर सारे प्रावधान किए हैं. गैंग रेप के सभी मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है, 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के मामले में मृत्युदंड का प्रावधान भी किया गया है.रेप के कानून में एक नया प्रावधान शामिल किया गया है जो परिभाषित करता है कि विरोध न करने का मतलब सहमति नहीं है.

## देश भर में निकाली गई तिरंगा रैली

एजेंसी

**नई दिल्ली** : आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज देशभर में तिरंगा रैली निकाली जा रही है। इसी सिलसिले में दिल्ली में आज तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने बाइक रैली शुरू होने से पहले कहा,आने वाले 15 अगस्त को देश के हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराना चाहिए। यह आजादी का अमृत मोहत्सव कार्यक्रम का समापन है और ऐसे मौके पर हर किसी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। बाइक रैली की शुरुआत उपराष्ट्रपति ने तिरंगा दिखाकर की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, हर घर तिरंगा जन जन का अभियान है। पीएम ने जब बीते वर्ष इस अभियान का आह्वान किया तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक यह अभियान पहुंचा। हर भारतीय को इस पर गर्व हुआ। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस दौरान कहा, प्रत्येक नागरिक को 15 अगस्त और 26 जनवरी को अपने घरों में तिरंगा प्रदर्शित करना चाहिए. यह नागरिकों का कर्तव्य है.



**संक्षिप्त खबरे**

## कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल स्थिति गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के भगवती हॉस्पिटल के पास अज्ञात वाहन कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी हाईवे पीसीआर 3 प्रभारी एएसआई महेंद्र कुमार को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एएसआई महेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को तुरंत इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सको द्वारा इलाज के बाद भी घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान शहर थाना क्षेत्र के रांची रोड स्थित भगवती हॉस्पिटल निवासी राजा कुमार के रूप में हुई है।वही इस घटना के बाद टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस घटना स्थल पर पहुंच कर बाइक को जप्त कर थाना ले गए हैं। जबकि घटना के बाद से कार सवार कार लेकर फरार है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, मुआवजा भुगतान, डीप बोरिंग कराने, अम्बेडकर आवास दिलाने, सड़क मरामति, अनुकम्पा पर नौकरी देने आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता की अध्यक्षता में कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** बिशुनपुरा पंचायत भवन में शुक्रवार को राजन मेहता की अध्यक्षता में बहुजन समाज पार्टी के मिशन को मजबूत बनाने के लिए कर्जकर्ताओं के साथ एक बैठक बुलाई गई। जिसमें मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी मनीष कुमार सिंह मौजूद रहे। मौके पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने कहा कि जिस तरह से पार्टी में मेरा योगदान देना चाहिए था मैं पूर्ण रूप से उतना योगदान पार्टी में नहीं दे सका, जिससे पार्टी को मजबूत बनाने में दिक्कत हुई लेकिन आज मनीष सिंह जी के आ जाने से पार्टी को मजबूती मिली है उन्होंने कहा कि लोकसभा विधानसभा का चुनाव होने वाला है, इसे देखते हुए पंचायत स्तर पर बुथ कमिटी का निर्माण कर पार्टी को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी का नेतृत्व ताहिर अंसारी जी के द्वारा किया जा रहा था। जो पार्टी छोड़ कर किसी दूसरे पार्टी का दामन थाम चुके हैं। अब पार्टी का विस्तार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष सिंह जी के नेतृत्व में संगठन को आगे बढ़ाया जा रहा है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब का कारवां कैसे आगे बढ़े इसके लिए विधानसभा में एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाना है। अभी जिस तरह से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व के नेताओं के द्वारा नौजवानों को छला गया। यह सभी जानते हैं।

## अत्यधिक शराब का सेवन करने से दिव्यांग व्यक्ति की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अत्यधिक शराब का सेवन करने से दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रबदा निवासी दिव्यांग व्यक्ति शिवकुमार रजक उम्र 40 वर्ष गुरुवार की रात अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया। शुक्रवार की सुबह बेहोश हालत में वह अपने घर में पड़ा हुआ था। उसे बेहोश हालत में देखकर परिजनों द्वारा उसे होश में लाने का काफी प्रयास किया गया इसके बाद भी उसे होश नहीं आया। परिजनों द्वारा तुरंत उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छतरपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सा को द्वारा इलाज के दौरान दिव्यांग शिव कुमार रजक की मौत हो गई उसके मौत की घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था।

## दहेज हत्या के मामले में पति व गोतनी को 10 वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में रेहला थाना अंतर्गत कुंडी निवासी पति इरसाद खान उर्फ सोनू खा व गौतनी सीमा बीबी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मेराल थाना के टिकुलिया निवासी मेहंदी हुसैन खा ने छह लोगों के विरुद्ध रेहला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो रेहला थाना कांड संख्या 39 /2020 दिनांक 14/4 /2020 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी /120बी/ 34 के तहत दर्ज किया गया था। इसमेआरोप था कि इरशाद खां की शादी सूचक की बेटी लैला खातून उर्फ गुलबसा खातून के साथ मुस्लिम रीति से 3 मई 2018 को हुई थी। शादी में लगभग दो लाख 75 हजार रुपये का सामान तथा मोटरसाइकिल तथा दो लाख 65 हजार रुपये का गहन दिया था। शादी के बाद से उसके पति और परिवार के लोग लैला खातून से 50 हजार रुपये दहेज में मांगने लगे ।तथा मांग पूरा नही होने पर उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे ।सूचक से50 हजार भी दिया था। पैसा लेने के कुछ दिनों के बाद तक उसके पति ने लैला खातून को ठीक से रखा। लेकिन इसके बाद उसे पुनः प्रताड़ित करने लगे। पति का अवैध संबंध भाभी सीमा बीवी के साथ था। 13 अप्रैल 2020 को लैला खातून को दहेज की मांग पूरा नहीं कर पाने के कारण मारपीट कर तथा गला दबाकर अपने घर में हत्या कर दिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु गला दबने के कारण व दम घुटने से बताई गई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति इरशाद खान व गोतनी सीमा बीवी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

## शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करने की जरूरत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के सरहुआ एव रमकंडा प्रखंड के बेलवादामर गांव में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड मजदूर किसान यूनियन एव आदिम जनजाति विकास समिति ने कार्यकर्म आयोजित किया। अध्यक्षता रश्मि कंडुलना ने की। संचालन लुकस कोरवा ने किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि बलिदानियों की सूची में आदिवासी समाज आगे रहा है। इतिहास ग्वाह है कि आदिवासियों ने आदि काल से ही संघर्ष किया है। चाहे वह अंतिक्रमण कारियो से अपनी मातृभूमि की रक्षा करने का या फिर स्वतंत्रता आंदोलन का। मणिपुर में भी आदिवासी समाज को अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। अपने अधिकार भाषा संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष तेज करने की जरूरत है। यूनियन के महासचिव हेमंत दास ने भारतीय समाज में आदिवासियों के योगदान व संघर्ष की चर्चा की। इप्टा के प्रेम प्रकाश ने स्वलिखित कविता आओ रे बंधु आओ रे भाई खींचो तीर कमान प्रस्तुत कर आदिवासियों के संघर्ष व कुर्बानियों को याद किया। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने गांव व जंगल को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर संजीव कुमार संजू, सुषमा, सविता कोरवा, गंभीरा सिंह,विजय चौधरी, रामचंद्र सिंह, माधव सिंह, राजकुमार सिंह, जगदीश भुईयां, अननराजी देवी पार्वती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुत होने वाले राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत व देश भक्ति गीत, प्रगति गीत के चयन के लिये प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में राष्ट्रगान के लिये प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी की छात्रा मुस्कान, इशिता, आकांक्षा, अरीबा खातून का, बंदेमातरम के लिये गुरुकुल पब्लिक स्कूल का चयन किया गया.देशभक्ति व प्रगति गीत के लिये अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय की मारिया सौदा व पल्स टू उच्च विद्यालय की अरीबा खातून ने संयुक्त रूप से प्रथम, बालिका मध्य विद्यालय की कशिश खातून ने द्वितीय तथा मध्य विद्यालय नगर उंटारी की पंखुड़ी, काजल व सफल परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयन समिति में शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, अखिलेश प्रसाद तथा सीआरपी शोभा पांडेय शामिल थे। मौके पर शिक्षक अमरेन्द्र दास, रामलला मिश्र, प्रतिमा पांडेय, सुमित्रा कुमारी सहित सम्बंधित विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने किया।

## डॉ. तपन कुमार शांडिल्य को कुलपति ने किया सम्मानित



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य सपरिवार शुक्रवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी पहुंचे। कुलपति के आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने सत्यम शिवम सुंदरम व टन टन घण्टी बजे- स्कूल चले हम गाने पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य व शिक्षा प्रद गीत सुनकर कुलपति काफी प्रभावित हुये तथा छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें आशिर्वाद दिया। वे विद्यालय परिवार की सराहना करते हुये कहा कि यहां सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एक परिवार की तरह रहकर कार्य करते है, जो काफी सराहनीय है.उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ सफाई व वर्ग व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने तथा विद्यालय के शिक्षकों ने बुके देकर कुलपति को सम्मानित किया। मौके पर कुलपति कार्यालय के सहायक राजीव मुखर्जी, श्री सदगुरू जगजीतसिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, प्रो0 सरोज कुमार, शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, मीरा कुमारी, शशि कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन में मृत आत्मा तारा सुरेन को श्रद्धांजलि दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बल में पदस्थापित महिला पुलिस अवर निरीक्षक, तारा सुरेन का गुरुवार को भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया ।2018 बैच की महिला दारोगा, सुरेन पलामू जिला के अनुसूचित जाति /जनजाति थाना के प्रभारी के रूप में पदस्थापित थी। आज दिनांक 11/08/23 को पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र पलामू में परिचारी प्रवर अनीश मोमित कुजूर के नेतृत्व में उक्त महिला पुश्रअश्नि को 2 मिनट मौन रहकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर परिचारी आकाशदीप, परिचारी दीना हँसदा, पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय कुमार सिंह पासवान, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, सचिव नीलांबर गोप, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, के साथ सैकड़ों पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## प्री रिवीजन गतिविधि के तहत हो रहे कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए जांच दल गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन के द्वारा फ़ोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के प्री-रिवीजन गतिविधि के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किये जा रहे कार्यो का सतत पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर से जांच दल गठित किया गया है। बता दें कि फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी बीएलओ के द्वारा दिनांक 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 के मध्य घर-घर सत्यापन का कार्य बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा उक्त सत्यापन के क्रम में सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त ब्लू स्टीकर को चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित की जा रही है। इसके साथ ही जिला स्तर से उपलब्ध कराए गए करेक्शन स्लिप, ब्लैक एंड वाइट एंड पुअर इमेज रिकॉर्ड रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं की विवरणी को शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ के माध्यम से संपादित कार्यों का पर्यवेक्षण एवं जांच हेतु विभाग स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार सभी सुपरवाइजर, ईआरओ, और ईआरओ के स्तर से मतदान केदो में पन्ना वेरीफिकेशन एवं होम टू रोल वेरिफिकेशन का कार्य किया जाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जांच दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के प्री रिवीजन गतिविधि के तहत संपादित किए जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी जांच दलों को 14 अगस्त तक जांच पूरी कर लेने का निर्देश दिया, वे खुद व्यक्तिगत तौर पर इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

## हमारे द्वारा किए हुये कर्मो का फल सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हमारे चाहने के बाद भी दुख हमारा पीछा नहीं छोड़ता है, ठीक उसी प्रकार से हम नहीं भी कामना करेंगे तो हमारा सुख और आनंद हमारे पास रहेगा. जैसे हम दुख के लिए प्रयास नहीं करते हैं, उसी प्रकार सुख के लिए भी हमें प्रयास नहीं करनी चाहिये. हमें कर्तव्य व कर्म अच्छा करना चाहिये.उन्होंने कहा कि लज्जा हमारी राष्ट्र की संस्कृति है.जहां लज्जा नहीं रहती है वहां सब कुछ रहने के बाद भी कुछ रहने का औचित्य ही नहीं बनता है। लज्जा मानव की गरिमा है। अगर इसे संस्कृति से हटा दिया जाये तो पशु और मनुष्य में कोई अंतर हीं नहीं रह रह जायेगा. उन्होंने कहा कि लोग विवाह से पहले ही पत्नी के साथ फोटो खिंचवा कर दूसरे को , मित्र को भेज देते हैं। मनुष्य को गरिमा और लज्जा ( शर्म ) का ख्याल रखना चाहिये। यहीं कारण है कि हम संस्कृति को भूल जाने के कारण सभी साधन रहने के बाद भी निराश हैं.भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करना ही श्रेष्ठ प्रायश्चित है. मन द्वारा, वाणी द्वारा, शरीर द्वारा भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करते हुए उनके नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो उपासना करता है, यह श्रेष्ठ प्रायश्चित है.यह जितना श्रेष्ठ प्रायश्चित है उतना श्रेष्ठ प्रायश्चित यज्ञ, दान, तप भी नही है.यज्ञ, दान, तप करने वाले का हो सकता है ,उसके पापों का मार्जन न हो,लेकिन जो मन से वाणी से पवित्र होकर नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो भावना करता है ,यहीं सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित है। श्रीमद्भागवत गीता में अर्जुन ने भगवान श्री कृष्ण से पुछा है कि जो परमात्मा के अधिकारी हैं।

## बिजली चोरी करने वाले एक दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने पिछले मंगलवार को अवैध बिजली जलाने वाले के विरुद्ध अनुमंडल मुख्यालय में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान एक दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बंशीधर नगर थाना में अवैध रूप से बिजली चोरी करने का प्राथमिक के दर्ज कराई गई है। गुणवंत कुमार ने बताया कि मंगलवार को अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक दर्जन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं।छापेमारी अभियान के दौरान बिजली चोरी करने में पकड़े गए लोग में ब्लॉक मोड़ निवासी जमालुद्दीन अंसारी पिता रहमत अंसारी पर 12000 रुपए क्षतिपूर्ति, सुरेंद्र मेहता पिता स्व रामनाथ मेहता पर 5000 रुपए क्षतिपूर्ति, जिसमें विभाग पिछला बकाया राशि 29843 रुपए है। मनोज कुमार पिता सखीचंद राम पर 9600 रुपए क्षतिपूर्ति, रेनू भारती पति अरुण भारती पर 12400 रुपए क्षतिपूर्ति, अशोक कुमार पिता काशीनाथ प्रसाद पर 22000 रुपए क्षतिपूर्ति, सत्येंद्र कुमार पिता विजय साव पर 16800 रुपए क्षतिपूर्ति एवं विजय प्रसाद पिता हरिप्रसाद पर 9600 रुपए क्षतिपूर्ति। ये सभी सरेह टोला के निवासी है। विश्वकर्म मोहल्ला निवासी भागमनी देवी पति रंजीत विश्वकर्मा पर 5000 रुपए क्षतिपूर्ति, जिसमें विभाग का पिछला बकाया राशि 4334 रुपए है। बंशीधर रोड निवासी आलोक कुमार पिता महेंद्र प्रसाद पर 9600 रुपए क्षतिपूर्ति, थाना गली निवासी रामस्वरूप प्रसाद पिता रामजन्म शाह पर 12000 रुपए क्षतिपूर्ति, थाना गली निवासी ओम प्रकाश जयसवाल पिता स्व रामजनम प्रसाद पर 9600 रुपए क्षतिपूर्ति, जिसमें विभाग का पिछला बकाया राशि 21216 रुपए है। वही थाना गली निवासी सूरज कुमार पिता स्व राम जन्म प्रसाद पर 9600 की क्षतिपूर्ति का मामला दर्ज कराया है।कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 एवं 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान कई जगहों से तार जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता दीपक कुमार कर रहें थे। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी उपभोक्ता अपने घर में बिना मीटर या बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग नहीं करें। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। कनीय अभियंता गुणवंत कुमार, बिजली कर्मी प्रेम मेहता एवं नईम अंसारी का नाम शामिल है।

## तुलसी कम समय में होने वाली फसल, लेमन ग्रास की खेती का हो रहा विस्तार : योगेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सीएसआइआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप), लखनऊ द्वारा आज पलामू जिले के पंडवा प्रखंड अंतर्गत झरी गांव में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएसआईआर- एरोमा मिशन फेज-3 के अंतर्गत आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में सीमैप के परियोजना सहायक योगेश कुमार ने गांव के किसानों को वैकल्पिक खेती के रूप में सगंधी एवं औषधीय पौधों की खेती और उसके लाभ एवं औषधीय गुणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को लेमनग्रास, पामारोजा, तुलसी एवं वेटीवर की खेती के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि झारखंड के विभिन्न राज्यों में लेमनग्रास की खेती को बढ़ावा मिला है। पलामू जिले में भी इसकी खेती में विस्तार हुआ है। इससे किसानों को अधिक मुनाफा भी हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने तुलसी की खेती एवं उसके औषधीय गुणों के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तुलसी कम समय में होने वाली नगदी फसल है। इससे कम लागत में अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसकी खेती नर्सरी विधि एवं सीधे बीज विधि से की जा सकती है। उन्होंने किसानों को वेटीवर (खस) की खेती करने के लिए भी आगे आने की बातें कही। उन्होंने कहा कि वेटीवर की खेती बलुई दोमट मिट्टी में या नदी के किनारे वाले स्थानों पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सगंधी/सुगंधित पौधों की खेती नगदी एवं कम समय में होने वाली खेती है। अन्य फसलों की अपेक्षा इसके फायदे भी अधिक हैं और मवेशी एवं नील गाय आदि जानवरों से नुकसान का खतरा भी नगण्य है। उन्होंने किसानों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया और तकनीकी सहयोग का भरोसा दिया। जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजीव रंजन, किसान ओंकार नाथ, बीटीएम अमित कुमार, दुर्गेश पाठक, पूजा सिंह, रूबी कुमारी, जितेंद्र मेहता, अभिमन्यु मेहता, ओम प्रकाश, कृष्ण कुमार वनपर, जेएसएलपीएस के अधिकारी के अलावा किसान मित्र तथा अन्य किसान उपस्थित थे।

## सीडीपीओ कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर सेवा मुक्त

**प्रभात मंत्र इम्पेक्ट**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधरनगर, बिशुनपुरा :** प्रभात मंत्र में गुरुवार को **सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में छात्राओं से वसूले जा रहे है पैसे** शीर्षक से प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए अंचल पदाधिकारी सह सीडीपीओ अरुण कुमार मुंडा से आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर को कार्य से मुक्त कर दिया है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की वसूली कतई जायज नही है। **क्या था मामला** बाल विकास परियोजना कार्यालय इनदिनों भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।सरकार द्वारा किशोरियों के लिए चलाई जा रही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में इन दिनों सेविकाओं के माध्यम से अभिभावकों-छात्राओ से 500-500 रुपये की वसूली जोर शोर से किया जा रहा है। जिन सेविकाओं द्वारा वसूली नही किया जा रहा है उनके द्वारा भेजे गए आवेदन बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका द्वारा लिया ही नही जा रहा है। यही वजह है अभिभावक-छात्राओ द्वारा सीधे बाल विकास परियोजना कार्यालय में आवेदन जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन ऑपरेटर द्वारा आवेदन सिर्फ उन्हीं का लिया जा रहा है जो ऑपरेटर को 200 रुपये जमा कर रहे है। दरअसल मुक्त भोगी छात्राओ-अभिभावकों सहित नाम न छपने की शर्त पर कुछ सेविकाओं ने बताया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में बाल विकास परियोजना की प्रवेक्षिकाओ द्वारा सभी सेविकाओं से इस योजना का आवेदन जमा करने के लिए 500 रुपये की मांग किया जाता है। उसमें से 100 रुपये सेविका, 200 रुपये पर्यवेक्षिका तथा 200 रुपये ऑपरेटर का हिस्सा होता है।



सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में छात्राओं से वसूले जा रहे है पैसे

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### टाटा स्टील एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेन 13 अगस्त को रहेंगी रद्द

**रांची** : हावड़ा खड़गपुर रेल मार्ग मे संतरागाछी रेलवे स्टेशन के पास विकास कार्य हो रहे हैं। इसको लेकर 13 अगस्त को टाटा हावड़ा स्टील एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनों को रद्द कर दी गयी हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत हावड़ा खड़गपुर रेल मार्ग पर संतरागाछी रेलवे स्टेशन के पास विकास कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण 13 अगस्त को टाटा हावड़ा स्टील एक्सप्रेस सहित 50 से अधिक ट्रेनों का परिचलन को रद्द कर दिया गया है। रेलवे ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। रद्द किये गए ट्रेन में लोकल ट्रेनें भी शामिल हैं। वहीं रेलवे द्वारा इस मार्ग पर चलने वाली कई ट्रेनों के मार्ग को बदला गया हैं जबकि कई ट्रेन संक्षिप्त यात्रा करेगी।

### विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि हुई खत्म ईडी फिर करेगी पूछताछ

**रांची।** शुक्रवार को लैंड स्कैम के मामले के आरोपी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रांची (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में उन्हें पेश किया । जिसके बाद ईडी के अधिवक्ता ने फिर से विष्णु अग्रवाल को लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी। जिसका विष्णु अग्रवाल के वकील ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को यह अनुमति दी है कि वो विष्णु अग्रवाल को तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। ईडी ने बिष्णु को 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अब तक उनसे चार दिनों तक पूछताछ कर चुकी है।

# झारखंड के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिलेंगे पोशाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य के सरकारी स्कूल के कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस दी जायेगी। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा के अंतर्गत एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध की गई राशि से विद्यार्थियों को अगस्त एवं सितंबर तक पोशाक निश्चित रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश शिक्षा सचिव द्वारा दिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भी विद्यार्थियों को सत्र के प्रारंभ में ही पोशाक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिये गये हैं। कक्षा एक से आठ तक के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पोशाक, स्वेटर एवं जूता-मोजा के लिए राशि



उपलब्ध कराई गई है। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा से पोशाक, स्वेटर एवं जूता-मोजा के लिए 600 रुपये दिए जाएंगे। कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों को पोशाक एवं स्वेटर के लिए 600 रुपये समग्र शिक्षा से दिए जाएंगे। जूता-मोजा के लिए 160 रुपये राज्य योजना मद से दी जानी है। कक्षा एक से आठ के एपीएल विद्यार्थियों के लिए उपर्युक्त दर से राशि राज्य योजना मद से उपलब्ध कराई जानी है। आदेश में कहा गया है कि जिले में यदि स्वयं सहायता समूह उक्त कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं, तो उनके माध्यम से अन्यथा डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को राशि उपलब्ध कराई जानी है। कक्षा एक और दो के जिन विद्यार्थियों का बैंक या डाकघर में अब तक खाता नहीं खुला है, उनको विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से पोशाक की राशि उपलब्ध कराई जानी है। अन्यथा की स्थिति में जनधन योजना या अन्य खाते जो विद्यार्थियों के माता-पिता के नाम से हों, में उक्त योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा सकती है। पोशाक की राशि विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने के बाद संबंधित सूची संबंधित विद्यालय को भी उपलब्ध कराई जानी है, ताकि विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को इसकी सूचना प्राप्त हो सके।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र की शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर मरांडी ने कहा कि भारत ने आजादी का अमृत वर्ष पूर्ण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत की नींव पड़ी है, जिसे अगले 25 वर्षो के अमृत काल में भव्य भारत, आत्म निर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत, एक भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प को सिद्धि में बदलने का समय है। उन्होंने सभी राज्यवासियों से देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि तिरंगा भारत की आन-बान और शान है। उन्होंने सभी से 15 अगस्त को अपने घरों पर



तिरंगा लगाने का अनुरोध किया।

**नियोजन नीति और स्थानीयता तय किए बिना कैसे 35 हजार नियुक्तियां करेगी राज्य सरकार प्रतुल :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ हवा हवाई घोषणा करती रही है। उन्होंने कहा कि लगभग पौने चार वर्ष में भी यह सरकार आज तक न एक फूल प्रूफ नियोजन नीति बना पाई और ना ही स्थानीयता को सही से परिभाषित कर पाई।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधि विभाग के विधिक मुद्दों पर किए विरोध के बावजूद स्थानीय नियोजन नीति को पारित कराया, जिसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। 1932 का कट ऑफ डेट सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी हो सकता था। उन्होंने कहा कि पौने चार वर्षों में मुख्यमंत्री और उनके मंत्री अनेक गाड़ियां बदल चुके हैं। मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपये के आलीशान बंगले बन रहे हैं लेकिन झारखंड के युवा आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को कोई पूछ नहीं रहा। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन 35 हजार नियुक्तियों की अगस्त से नवंबर के बीच में होने की बात की जा रही है आखिर उसकी बुनियाद क्या होगी? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बिना नियोजन नीति और स्थानीयता परिभाषित किए सरकार एक बार फिर तृतीय और चतुर्थ वर्ग में 60-40 की नीति के तहत नियुक्ति कर के यहां के आदिवासी मूलवासी का हक मारने जा रही है।

# रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ का जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जांच अभियान चलाया। आरपीएफ आईजी संजय मिश्रा के निर्देश पर यात्रियों के सामान और पार्सल की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन से हथियार और ड्रग्स की सप्लाई करने की सूचना पर आरपीएफ डॉग स्क्वायड टीम के साथ जांच कर रही है।

# क्रानियोसीनोस्टोसिस के मरीज का रिम्स में हुआ सफल ऑपरेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** आठ वर्षीय राहुल कुमार, जो झालदा का निवासी है जन्म से ही क्रानियोसीनोस्टोसिस नामक बीमारी से जूझ रहा था यह एक दुर्लभ बीमारी है।

जिसमें सर का आकर काफी बिगड़ जाता है द्य साथी इसके कारण ब्रेन का उचित विकास नहीं हो पता है, यह मरीज कई वर्षों से लगातार कोई प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काट रहा था परंतु कोई भी डॉक्टर इसे करने को तैयार नहीं था अंततः यह मरीज डॉक्टर प्रोफेसर सीबी सहाय के अंडर में न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती हुआ।

डॉक्टर प्रोफेसर सीबी सहाय के



नेतृत्व में इस बच्चे का सफलऑपरेशन किया गया, जिसमें सर की विभिन्न हड्डियों को काटकर सीधा किया गया । साथ ही सही आकर में लाया गया, इस ऑपरेशन में डॉक्टर प्रोफेसर सीबी सहाय , डॉ गौतम डॉ दीपक डॉ विकास कुमार डॉ हिमांशु डॉक्टर हबीब तथा एनेस्थीसिया टीम से डॉक्टर अंजली शामिल थे।

# बंधु तिर्की ने की डीके शिवकुमार से मुलाकात, बोले जल्द झारखण्ड आऊँगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बेंगलुरु में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। तिर्की ने शिवकुमार को झारखण्ड का अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। तिर्की ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की महत्वपूर्ण जीत के लिये बधाई देते हुए श्री शिवकुमार से कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की स्पष्ट विजय का दूरगामी प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति पर पड़ेगा और इससे देश की धर्मनिरपेक्ष शक्तियाँ मजबूत होगी।



इस अवसर पर बातचीत के दौरान शिवकुमार ने कहा कि वे जल्द ही झारखण्ड आयेंगे और वहां माँ देवड़ी के दर्शन करने के साथ ही झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे और उनका उत्साहवर्धन भी करेंगे।

# झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह रिम्स में भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को शुक्रवार को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच रांची के रिम्स ले जाया गया। इस दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। रिम्स भेजे जाने में हो रहे विलंब को लेकर उनकी पत्नी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एतराज जताया था।

उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से संजीव सिंह को रिम्स ले जाने की कोशिश की जा रही थी लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण उन्हें नहीं भेजा जा सका। उन्होंने संजीव सिंह का इलाज निजी अस्पताल में कराने की भी मांग की। उन्होंने



आरोप लगाया कि सरकार ने साजिश के तहत संजीव सिंह को रिम्स भेजा है। बताया जा रहा है कि रिम्स के चिकित्सक यदि संजीव सिंह को किसी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज कराने की सलाह देते हैं, तो उनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आरोपी संजीव सिंह बीते 11 जुलाई को धनबाद मंडल कारा में कुर्सी से गिरने के बाद घायल हो गए थे और उन्हें तत्काल एसएनएमएमसीएच के सीसीयू में भर्ती कराया गया था।

संजीव सिंह के इलाज के लिए गठित मेडिकल बोर्ड ने उन्हें रिम्स रेफर किया है। न्यायालय ने भी संजीव सिंह का इलाज रिम्स में कराने का निर्देश दिया था।

# सीएम हेमंत सोरेन ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सेक्टर-2, धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान कॉन्स्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शहीद की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मालूम हो कि आज सुबह



पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान कांस्टेबल श्री सुशांत कुमार खूंटिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान श्री सुशांत कुमार खूंटिया ओडिसा के क्योंझर जिला के निवासी थे।

मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार,डीजीपी अजय कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद जवान कॉन्स्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया को श्रद्धांजलि दी।

# रांची के राकेश तिर्की ने नेपाल के खिलाड़ी को हराकर जीता कांस्य पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आगाज हुआ। यह प्रतियोगिता विश्व कराटे संघ के जज एवं रेफरीयो के द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विश्व भर से कई अंतरराष्ट्रीय एवं भारत देश के राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय कराटे टीम में झारखंड से शामिल राकेश तिर्की ने काता में नेपाल के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। राकेश तिर्की के पदक जीतने पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने पदक पहना कर प्रोत्साहित किया । राकेश तिर्की राँची संत जोसफ क्लब में पिछले 15 वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे हैं पिछले कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं । पदक जीतने पर राकेश तिर्की को इमा के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, मोहिनी रीतिक टोप्पो, कुंदन उराँव, पीटर कच्छप आदि ने बधाई दी है।

## स्वतंत्रता दिवस पर मनाइए आज़ादी का उत्सव

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर ज़ी सिनेमा हफ्ते भर के रोमांच के साथ लेकर आ रहा है दो जबर्दस्त वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर्स 'रावणासुर' और 'छत्रपति' ज़ी सिनेमा के साथ मनाइए आज़ादी का उत्सव सपरिवार। देखिए ब्लॉकबस्टर फिल्में 12 अगस्त से लगातार! इंडिपेंडेंस डे पर फिल्मों के प्रीमियर्स का डबल धमाका होगा, जिसमें दोपहर 1 बजे मास महाराजा - रवि तेजा की 'रावणासुर' और रात 8 बजे बेहद टैलेंटेड बेल्लमकोंडा श्रीनिवास की फिल्म 'छत्रपति' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर्स होंगे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी के बीच रेनकोट और रेनबूट का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** यमुना अपार्टमेंट, अनंतपुर में वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के द्वारा रांची ट्रैफिक पुलिसकर्मी को सम्मानित करते हुए उनके बीच रेनकोट और रेनबूट का वितरण किया गया तथा पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के बीच भी रेनकोट और का वितरण किया गया। इस समारोह में वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल, आरक्षी अधीक्षक शुभांशु जैन, यातायात आरक्षी अधीक्षक हारिस बिन जमां, यातायात उप



पुलिस अधीक्षक जितवाहन उरांव तथा विभिन्न थानों के थाना प्रभारी मौजूद थे। इनके अलावा पूर्व पार्षद अरुण झा, पप्पू गद्दी, ओम प्रकाश उपस्थित थे। समारोह में वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने इस संस्था के एक से बढ़कर एक किये गये कार्यों की बहुत ही सराहना की तथा आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों के करने के लिए प्रोत्साहन दी। समारोह की अध्यक्षता राजीब चटर्जी के द्वारा किया गया गया तथा आये हुए सभी गण्यमान्य व्यक्तियों को उनके द्वारा सम्मानित किया गया। इस सामरोह को सफल बनाने में महासचिव पवन कुमार झा, उपाध्यक्ष संजय सहाय, संजीव सिंह, सचिव मिंटू सिंह, देवोजित चटर्जी, सुभोजित डे, साकिब, अश्विनी, चन्दन, रिंकू, जैनुल आबेदीन, अकील अख्तर, अनिल, शहजाद, रविंद्र, बरी, पवन एवं अन्य का बहुत ही बड़ा योगदान रहा।

# बिना टैक्स जमा किए ई-रिक्शा चलाने पर होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 412 के आलोक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने के उद्देश्य से पूर्व में विभिन्न मार्गो में ई0-रिक्शा का रूट निर्धारण करते हुए रूट पास निर्गत किया गया था, जिसकी वैधता अगले आदेश तक के लिए विस्तारित की गयी थी। राँची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वर्तमान में ई-रिक्शा के पुनः रूट निर्धारण करने हेतु प्रशासक, राँची नगर निगम के द्वारा एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक (यातायात) अपर प्रशासक, सहायक प्रशासक, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) एवं नगर प्रबंधक सदस्य है। इस संदर्भ में प्रशासक, राँची नगर निगम शशि रंजन की अध्यक्षता में ई-रिक्शा के पुनः रूट निर्धारण करने हेतु समिति के नामित सदस्यों के साथ निगम सभागार में बैठक की गई। बैठक में प्रशासक द्वारा कहा गया कि वर्तमान में राजधानी रांची में राज्य सरकार के विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं



प्रगति पर है, जिसमे मुख्यतः तीन फ्लाई ओवर रातु रोड, कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन मार्गो में ई0 रिक्शा की अगणनीय संख्या से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा सभी मुख्य मार्गो के साथ-साथ बाईलेन में भी ई रिक्शा के द्वारा बिना परमिट के परिचालन किया जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी ई0-रिक्शा के लिए पुनः आवश्यक रूट तय करते हुए चालकों को रूट पास निर्गत किया जाएगा। बैठक में अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) जीतवाहन उरांव एवं नगर प्रबंधक उपस्थित थे।

# कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वतंत्रता पर्व÷ के उपलक्ष पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में 3 साल से 25 साल तक 250 प्रतिभागियों ने देश भक्ति विषय पर पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता के विजेताओं के स्वतंत्रता पर्व के अंतिम दिन सम्मानित किया जायेगा एवं सभी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। बच्चों ने जहाँ चंद्रायण, भारत माता, स्वतंत्रता सेनानियों, भारतीय सेना के पराक्रम, लाल किला के प्राचीर के हमारा तिरंगा, देश की एकता अखंडता, पारंपरिकताआदि को अपने कैनवास पर उकेरा।

इस अवसर पर संस्था निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार ने ने कहाँ की इस तरह के प्रतियोगोताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को आगे लाने का अवसर मिलता है साथ ही साथ उनकी सृजनात्मक क्षमता में विकास भी होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की उपनिदेशिका रजनी कुमारी के अलावा छात्रों जिसमे आरती, कोमल, शिखा, अर्चना, जाया, हर्षिता, मयंक, ऋचा, सुरुचि, श्वेता एवं सभी छात्रों का योगदान रहा।

## कैंब्रिज पॉलीटैक्निक में वृक्षारोपन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यावरण सरंक्षण और स्वस्थ समाज की परिकल्पना को लेकर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटैक्निक,(सीआईपी) बहैया में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने बृहद पैमाने पर वृक्षारोपन कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव नवनीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर नवनीत सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की शुद्धता ही स्वस्थ समाज का आधार है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. भोलानाथ घोष ने पर्यावरण संरक्षण एवं संबर्द्धं पर विशेष जोर देते हुए लोगों को भी वृक्षारोपन के प्रति जागरूक होने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान फलदार वृक्षों के अलावे इमारती लकड़ियों के वृक्ष भी लगाए गए हैं। इस दौरान शिक्षक प्रो आशीष रंजन, प्रो जयदेव कुंभकार, प्रो. हेमंत कुमार प्रियदर्शी, प्रो. विकाश कुमारआदि मौजूद रहे।

## आजसू की बैठक संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड के होवांगहातु पंचायत में रतन लाल सिंह होण्डा जी के अध्यक्षता में बैठक की गई गाँव के विभिन्न समस्यावों को लेकर ग्रामीणो द्वारा चर्चा की गई सभी समस्याओं के निदान हेतु आजसू पार्टी राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा जी प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग संगठित रहें निश्चित रूप से आपलोगों का हर संभव समस्या की समाधान की जाएगी। विवेक गोप जी अपने व्यक्तव्य में कहा कि हम सभी ग्रामीण एक हैं पार्टी संगठन को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह एवं दर्जनों ग्रमीण उपस्थित थे।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट ट्रस्ट ने की सहयोग की अपील

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के गरीब असहाय और बीमार व्यक्तियों के इलाज में सहयोग के लिए अभियान चला रही ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के लोगो से भी संस्था को सहयोग करने की अपील की है।ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि धन राशि के अभाव मे आर्थिक स्थिति कमजोर रहने के कारण ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा अभियान फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।ऐसे में उन्होंने क्षेत्र के लोगों से ट्रस्ट को सहयोग करने की अपील की है जिससे गरीब और बीमार व्यक्तियों का इलाज कराया जा सके।

## मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बहेरा में दी गई फाइलेरिया रोधी दवा

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बहेरा में फाइलेरिया रोधी जैसे बिमारी से बचाव के लिए ग्रामीणो सहित 125 बच्चों को दवा खिलाया गया और फाइलेरिया से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।सहिया निखत प्रवीण ने बताया कि कार्यक्रम ने झारखंड सरकार के द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा खाने,मच्छरदानी का प्रयोग करने,आसपास के इलाको मे जल जमाव नही रखने की जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को बूथ पर और 11 से 25 अगस्त तक घर में जाकर स्वास्थ कर्मियों द्वारा दवा खिलाया जाएगा।इस मौके पर सीएचओ प्रिया तिग्गा, सहिया निखत प्रवीण,सेविका उर्मिला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## राय में उत्पाद विभाग की टीम ने की छापेमारी

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत में रांची से आयी उत्पाद विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में उत्पाद विभाग की टीम द्वारा आरसीएम साइडिंग के पास स्थित एक होटल के साथ कई घरों में एक साथ छापामारी की।छापामारी में टीम द्वारा एक घर से देशी शराब मिला जिसे नष्ट कर दिया गया। वही शराब बेचने वाले एक व्यक्ति को टीम अपने साथ ले गई।आरसीएम साइडिंग के पास स्थित बंद महतो होटल में पीछे के रास्ते से घुसकर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा कुछ बीयर की बोतल बरामद करने की सुचना मिल रही है। हालांकि वहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इसके बाद टीम द्वारा राय कोलियरी के पास स्थित कुछ होटलों एवं घरों में भी छापामारी की सुचना है।उत्पाद विभाग की इस छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## भाजपा उपाध्यक्ष कारण महतो के प्रयास से विधायक ने खिलाड़ियों को दिया खेल सामग्री

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पिपरवार मण्डल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो के प्रयास से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पिपरवार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों के बीच खेल सामाग्री का वितरण किया।जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो ने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए विधायक किशुन दास से खेल सामग्री बांटने की अपील की थी, जिसे देखते हुए विधायक ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा, किचटो और बिलारी टीम के खिलाडियों के बीच जर्सी एंव फुटबॉल का वितरण किया। इस संबंध में कारण महतो ने बताया कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विधायक का यह प्रयास काफी सराहनीय है। विधायक के इस प्रयास से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र जिला और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।इधर फुटबॉल और जर्सी पाकर खिलाडी काफी खुश हुए।इस मौके पर करण कुमार महतो,धनराज भोक्ता, शंकर महतो,संजय कुमार गंझू,सोनू गुप्ता,बिनोद महतो, विक्रम कुमार,संतोष,जितेन्द्र, राज,पंकज,मनतोष,बाला, पवन,कीटी सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–विनिता कुमारी, उम्र–17 वर्ष,
रंग–गोरी, उँचाई–4 फीट 3 ईंच,

उपरोक्त लापता लड़की विनिता कुमारी पे0–स्व0 आंनद उराँव पता–बजरा पो0–हेहल थाना–सुखदेवनगर जिला–राँची जो दिनांक–27.06.23 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में पंड़रा ओ0पी0 सनहा संख्या–12/23 दिनांक–01.07.23 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची। –94317 70077
ओ0पी0 प्रभारी पंड़रा, राँची। –94317 06878

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 304525 Police(23-24).D


## बचरा साईडिंग के पास अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर असंगठित मजदूर को किया घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग के समीप अज्ञात अपराधियों ने चाकू से वार कर एक असंगठित मजदूर को घायल कर दिया।घायल मजदूर की पहचान 38 वर्षीय बालेश्वर महतो पिता बंधन महतो ग्राम बचरा बस्ती थाना पिपरवार, जिला चतरा के रूप में की गई है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालेश्वर महतो सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत है।शुक्रवार की दोपहर वह ड्यूटी करके अपने घर बचरा बस्ती जा रहा था,इसी बीच बचरा साइडिंग और बचरा बस्ती के बीच रेलवे पुल के आगे पहले से घात लगाकर बैठे दो से तीन अज्ञात अपराधियों ने बालेश्वर महतो पर चाकू से वार कर दिया।अपराधियों ने बालेश्वर महतो के पेट में चाकू से वार किया है।घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी जंगल की ओर भाग गए।वहीं घायल अवस्था में बालेश्वर महतो सड़क पर गिर गया, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ो की संख्या में बचरा अस्पताल में लोगों की भीड़ छूट गई।

## असंगठित मजदूरों का शोषण बंद करें प्रबंधन : रविन्द्रनाथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों का शोषण किया जा रहा है,लेकिन इस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।उक्त बातें जनता मजदूर संघ के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है।उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आउटसोर्सिंग कंपनी अपनी मनमानी कर रहे हैं,जिसका शिकार गरीब मजदूर हो रहा है।आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा असंगठित मजदूरों का लगातार शोषण किया जा रहा है।उन्होने कहा कि कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे वास्तविक कामगारों का फॉर्म ऐ,डी,ओ,ई में कोई एंट्री नहीं होता है। भीटीसी,आईएमई और अवकाश सहित अन्य सुविधा से मजदूरों को वंचित रखा गया है।उन्होंने हाई पावर कमेटी पर निशाना चाहते हुए कहा कि कमेटी का पिपरवार दौरा सिर्फ मजदूरों के शोषण पर पर्दा डालने का काम किया जाएगा।कमेटी की बैठक सिर्फ खानापूर्ति के लिए की जा रही है।उन्होंने कहा कि सभी श्रमिक संगठनों को एक होकर इसके लिए बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। तभी यह इस समस्या को दूर किया जा सकता है।

## हाई पावर कमेटी की टीम ने किया पिपरवार का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** हाई पावर कमेटी की टीम ने पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।टीम में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य और पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार,सीटु के महामंत्री आरपी सिंह, सीसीएल सीकेएस के मनोज रजक और आरकेएमयू के ललन प्रसाद सिंह सहित सीसीएल मुख्यालय के अधिकारी शामिल थे।पिपरवार पहुंचने पर जीएम सीबी सहाय ने बुके देकर स्वागत किया।जिसके बाद संगम विहार क्लब में टीम के सदस्यों ने स्थानीय अधिकारियों और मजदूरों के साथ बैठक की।बैठक में असंगठित मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।हाई पावर कमेटी द्वारा असंगठित मजदूरों के लिए लागू किए गए सुविधाओ की जानकारी ली गई।बैठक में पिपरवार क्षेत्र में असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई।असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी, अवकाश, मेडिकल सुविधा, हाजिरी, पेमेंट स्लिप,आदि थे ।

## कांग्रेस पार्टी ने कभी नहीं की आदिवासियों की चिंता, केवल वोट बैंक समझा : प्रदीप वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**नामकुम :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।वर्मा ने कहा कांग्रेस का दृष्टिकोण शुरू से ही आदिवासी विरोधी रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आदिवासी समाज आजाद भारत में लंबे समय तक विकास की मुख्य धारा में नही जुड़ पाया। और उसी का परिणाम था कि अलग राज्य की मांग उठी।वर्मा ने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन को भी कुचलने की हर संभव कोशिश कांग्रेस पार्टी ने की। इसने आंदोलन को खरीदने जैसे घृणित कार्य किए। आज भी आंदोलन के क्रेता विक्रेता दोनो दल राज्य के जल ,जंगल , जमीन को लूटने में लगे हैं।कहा कि आदिवासियों की इतनी ही चिंता होती तो कश्मीर में धारा 370लगाकर आदिवासी दलितों के अधिकारों से कांग्रेस पार्टी 73 वर्षों तक वंचित नहीं रखती ।आज कांग्रेस गठबंधन सरकार में आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही,बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही।आदिवासियों की हत्याएं हो रही और कांग्रेस पार्टी मौन है। इसी से इनकी नीति और नीयत उजागर हो रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी समाज के विकास और मान सम्मान की चिंता की। श्रद्धेय अटल जी ने अलग राज्य का सपना साकार किया। आदिवासी मंत्रालय बनाकर विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। और एक आदिवासी समाज की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिनकी गोद में बैठकर राज्य की सत्ता का भोग कर रही उन्हे आदिवासी समाज की नही बल्कि अपने परिवार की चिंता है।

## प्रखंड स्तरीय पशुपालन समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेड़ो :** शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पशुपालन समिति का एक बैठक बीनिता कच्छप, प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां सर्वसम्मति से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांव से पशुपालन के लिए लाभुकों का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि पशुपालन की योजना सरकार के द्वारा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया करने का एक शानदार प्रयास है इसके जरिए गांव के किसान ऑन की आर्थिक दशा काफी सशक्त हुई है। हमारे क्षेत्र की भौगोलिक परिदृश्य में पशुपालन रोजगार का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। उन्होंने कहा कि योजना के महत्व को देखते हुए सर्वसम्मति से आज जरूरतमंद लाभुकों का चयन किया गया। चयन किए गए। लाभुकों में 02 गाय पालन हेतु -09 लाभुको का अनुशंसा ,05 गाय पालन योजना में 08 लाभुकों का अनुशंसा ,पशु आहार एवं चारा विकास योजना के अंतर्गत 06लाभुको का अनुशंसा , प्रगतिशील डेयरी कृषक योजना के अंतर्गत 02 लाभुकों के नाम का अनुशंसा, बकरा विकास योजना 75न्न अनुदान के अंतर्गत 74 लाभुकों का अनुशंसा, बैकयार्ड लेयर कुकुट 75न्न अनुदान के अंतर्गत 8 आठ लाभुको का अनुशंसा, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट 90न्न अनुदान अंतर्गत 05 लाभुकों का अनुशंसा, ब्रायलर कुकुट पालन योजना 75न्न अनुदान के अंतर्गत 30 लोगों की अनुशंसा, ब्रायलर कुकुट पालन योजना 90न्न अनुदान के अंतर्गत 12 लाभुकों का चयन बत्तख चूजा वितरण 75न्न अनुदान के अंतर्गत 7 लाभुकों का अनुशंसा ,बतख चूजा वितरण 90न्न अनुदान के अंतर्गत 14 लाभुकों की अनुशंसा, शुकर विकास योजना 90न्न अनुदान के अंतर्गत 40 लाभुकों की अनुशंसा, जोड़ा बैल वितरण योजना 90न्न अनुदान के अंतर्गत 4 लाभुकों की अनुशंसा किया गया । इस तरह विभिन्न प्रकार की पशुपालन योजना के अंतर्गत कुल 231 लाभुकों के नाम की अनुशंसा की गई है। बहुत से लाभुकों के आवेदन में ग्राम सभा प्रतिवेदन एवं यह भूमि प्रतिवेदन नहीं था जिसके कारण उनके फॉर्म का अनुशंसा नहीं किया गया है 1 लाभुकों से आग्रह है कि हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय आकर अपने फार्म की जांच कर ले और लंबित दस्तावेज जमा कर दें ताकि उनके नाम को पुनः अनुशंसा करके भेजा जा सके। जिला स्तरीय पशुपालन समिति से अनुशंसा होने के उपरांत एक महीना के अंतर्गत अंतर्गत लाभुकों के द्वारा दी जाने वाली अंशदान राशि को जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनके इस लाभ से वंचित किया जा सकता है। मौके पर खंड स्तरीय पशुपालन समिति के सदस्य प्रमुख विनीता कच्छप, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी राकेश रंजन, डॉ0 संजय उराँव व कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश योजनाओं को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ों :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश की सफलता, मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वित्तय सहित अन्य विकास योजनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई दिशा निर्देश देते हुए बताया कि प्रत्येक गांव से मिट्टी उठाने और उत्सव पूर्ण ढंग से प्रखंड लाने के पूर्व प्रत्येक ग्राम में जागरूकता के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया जाना है। साथ ही स्वच्छता से संबंधित शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रंगोली पेंटिंग आदि जैसी प्रतियोगिता का आयोजन मेरी माटी मेरा देश की सफलता का संकेत है। साथ ही पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी कार्यक्रम की सफलता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे प्रत्येक गांव और पंचायतों में किया जाना हम सब का कर्तव्य है। मेरी माटी मेरा देश मात्र कार्यक्रम नहीं बल्कि उत्सव का नाम है। इसे उत्सव की तरह मनाना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। आने वाले 2 दिनों में उत्सव का माहौल बना रहे यह जनप्रतिनिधि और कर्मियों का दायित्व है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हाथों में मिट्टी का दिया लेकर पंचप्राण करना इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके लिए उन्होंने प्रखंड के सभी 17 पंचायत के विभिन्न गांव में यह सारे कार्यक्रम आयोजन उत्सव के रूप में करने की बात कही है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 06-F2/2023-24

पत्रांक – 671/गढ़वा, दिनांक – 11.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धारकार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 35,76,014.00/– (पैंतीस लाख छेहत्तर हजार चौदह रू0) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 (पांच हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.08.2023 11:00 AM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.08.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.09.2023 03:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0– 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.304514 Minor Irrigation(23-24):D



**Government of Jharkhand**

### Office of the Executive officer, Nagar Panchayat Manjhiaon

**Notice Inviting e-tender**

**e-tender reference No- NPM- 13/2023-24**

| Sl. N. | Tender ID | Head | Name of Work | Estimated value | Earnest Money | Tender Fee | Completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDHD/NPM/ 13/01/23-24 | नागरिक सुविधा | Construction Of RCC Drain With Slab From Bia Pas Road to Doman Vishwakarma Houses | 2272100.00 | 45500.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | UDHD/NPM/ 13/02/23-24 | नागरिक सुविधा | Construction Of RCC Drain With Slab From Doman Vishwakarma Housess vaya Kameshwar Soni Houses to Main Road | 2272100.00 | 45500.00 | 5000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on Website | 21.08.2023 at 5:00 P.M. |
| 2 | Last Date/Time for Receipt of e-tender on website | 01.09.2023 till 5:00 P.M. |
| 3 | Last Date of Receipt of hard copy cost of Bid Document & EMD | 02.09.2023 till 3:00 P.M |
| 4 | Date of Opening e- tender | 04.09.2023 at 4:00 P.M |
| 5 | Name & Address Of Office inviting tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Manjhiaon. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 9431141644 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 8409053313 |

NOTE : Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice board office of the Nagar Panchayat Manjhiaon.

Executive Officer
Nagar Panchayat Manjhiaon

PR 304471 Urban Development (23-24)_D



### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची–834001, फोन–2215544, ईमेल न0–rmsaranchi0651@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक–1195 दिनांक–07.07.2023 एवं पत्रांक–1052 दिनांक–13.06.2023 द्वारा प्राप्त **माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Cont. Case No-612/2022 में दिनांक–15.12.2022 को पारित अंतिम न्यायादेश की कंडिका–4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची से प्राप्त अनुशंसा के क्रम में विज्ञापन संख्या–21/2016** के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा में से रांची जिले के लिए चयनित निम्नांकित विषय अनुसार कुल–05 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा के साथ सूची एवं फॉल्डर उपलब्ध करायी गयी है। जिनकी काउंसेलिंग हेतु उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रांची द्वारा निर्धारित समयानुसार **दिनांक–16.08.2023 (बुधवार) को समय–10 बजे पूर्वाहन** से निर्धारित की जाती है।

**अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि काउंसेलिंग हेतु निम्नांकित अभिलेखों/कागजातों को 02 सेट में अलग–अलग 02 फोल्डरों में लाना अनिवार्य है।**

1. प्रवेश पत्र–झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग राँची के विज्ञापन संख्या–21/2016
2. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, प्रवेश पत्र सहित स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति–02 प्रति में
3. प्रशिक्षण प्राप्त संस्थान की NCTE से मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
4. जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति–02 प्रति में
5. पासपोर्ट साईज फोटो–04
6. निःशक्ता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति–02 प्रति में।
7. आधार/पैन/मतदाता पहचान पत्र एवं छायाप्रति–02 प्रति में।

**सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पत्र में अंकित विवरण अनुसार सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपरोक्त अंकित विवरण अनुसार (02–फोल्डरों में) जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय रांची में काउंसेलिंग हेतु उपरोक्त निर्धारित तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
राँची

PR 304432 (Human Resource Developement) 23-24 (D)



**Govt. of Jharkhand**
**Sports Authority of Jharkhand**
**(Department of Tourism, Art-Culture, Sports & Youth Affairs)**
**Gate No.-28, Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi.**
**Email : - sajha9@gmail.com, Website :- www.sajha.in**

**Re -Tender Notice**

**NIT No. 01/PR/SAJHA/2023-24 Dated: 11.08.2023**

Sports Authority of Jharkhand, Morhabadi, Ranchi invites Sealed Tenders in two parts Part-I (Technical Bid) and Part-II (Price Bid) from the eligible and reputed Bidders having good experience of following similar type of works and having sound financial status: -

| Name of the Work | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of Bid Document (Non-Refundable in Rs./-) | Time of Supply | Place of Supply |
|---|---|---|---|---|
| Rate contract for Procurement of Sports Kit for Eklavya Khel Kendra (Centre of Excellence) under Sports Authority of Jharkhand, Ranchi. | ₹2,02,000/- (Two Lakh two thousand Only) EMD in the form of Demand Draft in favour of Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi, Payable at Ranchi. | ₹ 6,000/- (Six Thousand Only) BOQ Cost in the form of Demand Draft in favour of Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi, Payable at Ranchi. | As required | Ranchi |
| Availability of tender documents on Website of this Sports Authority of Jharkhand i.e: www.sajha.in | | From 12.08.2023 to 28.08.2023 | | |
| Last date and time for submission of Tender | | Up to 28.08.2023 up to 01:00 p.m. | | |
| Date, time and venue for opening of Tender Part-I (Technical Bid) | | At 03:00 p.m. on 28.08.2023 Office of the Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi | | |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Bid) | | will be communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi. | | |

2. The Tender document containing detailed terms & conditions, Specification etc. can be downloaded from the website: www.sajha.in .
3. Eligible and interested bidders may submit their bid at office of the Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, situated at Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi as per the above time schedule. A Demand Draft of ₹6,000/- as bid document fee is to be attached with the tender at the time of submitting the tender document.
4. Corrigendum/Amendments to this tender also shall be uploaded on this website and Published in the Newspapers only. Price Bid of only technically qualified bidders, will be opened at a later date. Technically qualified bidders will be informed the date of price bid opening separately.
5. The Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Ranchi reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason whatsoever.

Sd./-
Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand.
Morhabadi, Ranchi.

PR.NO.304540 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D

## डेंगू की रोकथाम के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में की महत्वपूर्ण पहल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लि. ने जमशेदपुर में डेंगू रोकथाम गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शुरू की है। इन पहलों को बागान क्षेत्र सहित छह क्षेत्रों रामदास भट्ठा, सोनारी, सीपीएचओ, काशीडीह, बर्माामाइंस और बारीडीह में लागू किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में, टीएसयूआईएसएल ने डेंगू की रोकथाम में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 252,463 घरों की जांच की गयी है। इनडोर और आउटडोर प्रजनन स्थलों को नष्ट करना भी टाटा स्टील यूआईएसएल की प्राथमिकता रही है। 2023 (जुलाई तक) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 6,651 इनडोर प्रजनन स्थलों को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही 12,475 बाहरी प्रजनन स्थलों को ख़त्म कर दिया गया है। 2023 (जुलाई तक) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 201,970 स्वास्थ्य वार्ताएँ पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं।



## ताजुद्दीन शाह बाबा का मना 101वा जन्म दिवस बांटे गए लंगर



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर के भारत भवन चौक में धूमधाम से नागपुर वाले ताजुद्दीन शाह बाबा का 101 वा जन्म दिवस मनाया गया। हर साल की भांति इस साल भी यह कार्यक्रम हाजी ताजुद्दीन उर्फ लड्डू नेता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लंगर की फातिहा करने के बाद लोगों में वितरण करके की गई। इस दौरान मौके पर हाजी ताजुद्दीन लड्डू, मोहम्मद सलाम, परवेज उर्फ पंडा ,मोहम्मद जावेद, चुन्नू रहमान, फिरोज खान, छोटा ,मोहम्मद अशरफ के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नेस्ले इंडिया ने झारखण्ड में सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का किया विस्तार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड में सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का भौगोलिक विस्तार करते हुए, नेस्ले इंडिया ने एफडीए, झारखण्ड तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ़ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ सहयोग किया है। इस सहयोग के तहत जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, देवघर और चास बोकारो में 1500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा और हाईजीन पर प्रशिक्षित करना है। इस संबंध में नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स और सस्टेनेबिलिटी हेड संजय खजूरिया ने कहा कि नेस्ले इंडिया में हम लोग अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के अलावा भारत में खाद्य सुरक्षा का वातावरण बेहतर बनाने के लिए वचनबद्ध हैं। प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' हाईजीन और खाद्य सुरक्षा की पद्धतियों पर प्रासंगिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्ट्रीट फूड वेंडर्स का कौशल निखारकर उन्हें सशक्त करता है। एनएएसवीआई के नेशनल को-ऑर्डिनेटर अरविन्द सिंह ने कहा कि हम पूरे भारत में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को फूड हाईजीन एवं सुरक्षा पर प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाना चाहते हैं ताकि उन्हें नौकरी के महत्वपूर्ण अवसर मिल सकें। मालूम हो कि वर्ष 2022 में झारखण्ड के रांची, धनबाद, जमशेदपुर और पश्चिम सिंहभूम जिलों में 1000 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया गया था। वर्ष 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फ़ूड' से 25 राज्यों/संघीय क्षेत्रों में 41,000 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभ पहुँचा है।

## जोड़सा में अनाथ बच्चों के बालिग होने तक खर्च उठायेगा एक शिक्षक व उनके पूर्व छात्रों का ग्रुप



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते 6 अगस्त को पटमदा प्रखंड के जोड़सा टोला बिरखाम निवासी रहे बलराम टुडू का असामयिक निधन होने से उनके तीनों बच्चे (एक बेटी व दो बेटे) अनाथ हो गए हैं। उनकी पत्नी का देहांत 2013 में ही जुड़वां बच्चों के जन्म लेने के पश्चात ही हो गया था। बुधवार को कुछ ग्रामीणों द्वारा घर-घर में चंदा एकत्रित करते हुए 2300 रुपये की नगद राशि व 80 किलो सूखा राशन उपलब्ध कराई गई थी। गुरुवार को जोड़सा उत्कमित उच्च विद्यालय के सहायक शिक्षक रमेश कुमार तिवारी ने उनके कुछ पूर्व छात्रों के साथ एक ग्रुप तैयार करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इसके बाद उन बच्चों के घर जाकर तत्काल एक महीना का सूखा राशन दिया गया। साथ ही यह घोषणा की गई कि दोनों भाई (राम-लखन) के बालिग होने तक ग्रुप द्वारा सभी जरूरी खर्च वहन किया जाएगा ताकि उनलोग पढ़-लिखकर अपना उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सके। ग्रुप के सदस्य रघुनाथ कुंभकार ने बताया कि 2013 में दोनों जुड़वा भाइयों के जन्म लेने के तुरन्त बाद उनकी मां का भी देहांत हो गया था। ग्रुप के सदस्यों में रघुनाथ कुंभकार, मिलु हांसदा, उत्तम कुमार, धंनजय कुंभकार, गौतम कुंभकार, गोविन्द कुंभकार, सुभन टुडू, राजेश कुंभकार व कमल कुंभकार उपस्थित थे।

## पत्रकार प्रियरंजन भ्राता शोक

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ पत्रकार आदित्यपुर निवासी प्रियरंजन के अनुज मनोरंजन (40) का बीती रात हैदराबाद में इलाज के क्रम में मौत हो गया. लीवर की बीमारी से ग्रस्त मनोरंजन का विगत कुछ दिनों से हैदराबाद में इलाज चल रहा था. कुछ दिन पूर्व उनकी अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें पहले टीएमएच में भर्ती कराया गया था, जहां से स्वास्थ्य में सुधार होने के उपरांत बेहतर चिकित्सा के लिए हैदराबाद के एक अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया था. बीते गुरुवार की रात करीब सात बजे के अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई. जिसके बाद इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया. मनोरंजन तीन भाइयों में सबसे छोटा था. अपने पीछे मां पिता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए. शुक्रवार को हवाई मार्ग से उनका पार्थिव शरीर आदित्यपुर के नगीनापुरी स्थित उनके पैतृक आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लाया गया. उसके बाद उनका अंतिम संस्कार पार्वती घाट में कर दिया गया. उनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और शुभचिंतक शामिल हुए.



# बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने पटमदा में की कर्मचारियों के साथ बैठक

### पटमदा व बोड़ाम के 500 बकायेदारों का कटेगा बिजली कनेक्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बिजली विभाग के सहायक अभियंता शाहनाज अंसारी व कनीय अभियंता अमीर हमजा ने गुरुवार को पटमदा के विद्युत सबस्टेशन में कर्मचारियों एवं ऊर्जा मित्रों के साथ घंटों बैठक की। इस दौरान सहायक अभियंता ने सभी को निर्देश दिया कि अगले 15 अगस्त तक पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में 500 बकायेदारों का कनेक्शन काटना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समझौता योजना (ओटीएस) एवं बिजली विभाग के सीएमडी के दिशा-निर्देश पर लगातार



कार्रवाई के बावजूद अब भी सैकड़ों की संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल का भुगतान करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। क्षेत्र में शुक्रवार से ही 25 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने का निर्देश दिया गया है जबकि 10 हजार से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। ऐई के अनुसार पुराने बकाया बिल का भुगतान व जीरो बिलिंग के बाद 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लक्ष्य भी हासिल करना है। इसलिए कर्मचारियों को विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इस दौरान विभागीय समीक्षा में जिन कर्मचारियों का प्रदर्शन बेहतर नहीं मिला उन्हें फटकार लगाई। साथ ही क्षेत्र के लोगों को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति कैसे हो इसपर भी जरूरी चर्चा की गई। भुइयांसिनान में नया विद्युत सबस्टेशन के निर्माण पर भी चर्चा हुई। बैठक में कनीय सारणी पुरुष प्रीतम भारती, लाइनमैन सुरेश कुमार रजक, मोहम्मद महमूद, पुतुल प्रमाणिक समेत विभाग से जुड़े दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एनएसयूआई एबीएम कॉलेज ने कॉलेज के 6 मांगों को प्राचार्य के समक्ष रखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनएसयूआई एबीएम कॉलेज के अध्यक्ष अंकित मिश्रा के द्वारा कॉलेज के 6 मांगों को प्राचार्य के समक्ष रखा और इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है, मांग पूरा नहीं होने पर एनएसयूआई की संगठन कॉलेज परिसर में जोरदार आंदोलन करेगी। मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सन्नी सिंह ,पूर्वी विधानसभा महासचिव निखिल तिवारी, कांग्रेस के युवा नेता कुलदीप सिंह, एनएसयूआई के सक्रिय कार्यकर्ता विकास पांडे, प्रिंस कुमार ,हिमांशु कुमार, आयुष कुमार, एवं अन्य साथी उपस्थित थे। मांगपत्र के में कॉलेज के शौचालय का सौंदर्य करण एवं स्वच्छ करवाया जाए, कॉलेज परिसर में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, कॉलेज परिसर की सफाई स्वच्छ रूप से कराई जाए बरसात में कई जगह पानी जमने के कारण डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, छात्रों के लिए कॉमन रूम जिसमें छात्रों को खेल से जुड़ी सारी सुविधा उपलब्ध हो, हिंदी डिपार्टमेंट में एक और शिक्षिका बहाल कराया जाए, इंटर डिपार्टमेंट में बायोमेट्रिक की सुविधा हो।

## खुदी राम बोस की 115वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** देश के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद खुदी राम बोस की 115वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने कहा कि शहीद खुदीराम बोस स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए खुदीराम बोस का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर मोतीलाल महतो, अर्जुन महतो, चितरंजन गोराई, फिरोज नायक, सीजी सिन्हा, जवाहर लाल महतो, बबलू महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टाटा स्टील इंटर जेडीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट हुआ संपन्न

## एलडी 3 पुरुष में व महिला में मैकेनिकल टीम रही विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील खेल विभाग ने 8 से 11 अगस्त तक मोहन आहूजा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर-जेडीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। समापन समारोह के दौरान हेड टाउन सिक्योरिटी मेजर अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 31 जेडीसी यूनिट्स ने भागीदारी की। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 225 से



अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह बैडमिंटन टूर्नामेंट में अब तक दर्ज भागीदारी की सबसे अधिक संख्या है। एलडी 3 टीम पुरुष वर्ग में विजेता के रूप में उभरी, जबकि टीम एलडी 1 ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट/ फाइनेंस एंड अकाउंट/ कॉर्पोरेट ऑडिट/डिज़ाइन सेल की संयुक्त टीम इस टूर्नामेंट में द्वितीय उपविजेता के रूप में उभरी। महिला वर्ग में मैकेनिकल मेंटेनेंस टीम विजेता बनी, जबकि सिंटर प्लांट की टीम उपविजेता रही। इस टूर्नामेंट में कोक प्लांट द्वितीय उपविजेता बना। टूर्नामेंट को विवेक शर्मा, आशुतोष आकाश, संटू कुमार शर्मा, धीरेन बेसरा, कीर्तन अग्रवाल, इमरान खान और तरण सहित प्रसिद्ध तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिन्होंने अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाई।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा खरीदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 13 अगस्त को साकची के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से प्रारंभ होने वाले मेरी माटी मेरा देश एवं 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारियों के संग बिस्टुपुर स्थित प्रधान डाकघर से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का क्रय किया। नोडल पदाधिकारी दिवाकर कुमार दीपक ने जिलाध्यक्ष गुंजन यादव को तिरंगा झंडा सुपुर्द किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि 13 अगस्त को पार्टी की ओर से मेरी माटी मेरा देश



अभियान का शुभारंभ साकची से किया जाएगा। वहीं, 13 से 15 अगस्त तक पूरे शहर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए प्रभात फेरी, जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, बिनोद सिंह, अमित अग्रवाल, अभिमन्यु सिंह, शशांक शेखर, संतोष कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेसीएपीसीपीएल ने सोलर पैनल इंस्टालेशन के लिए एम्पिन एनर्जी ट्रांजिशन के साथ किया करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेसीएपीसीपीएल ने प्लांट की छत पर सौर पैनलों की स्थापना के लिए एम्पिन एनर्जी ट्रांजिशन (जिसे पहले एम्प एनर्जी इंडिया के नाम से जाना जाता था) के साथ 25 साल के पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर किये। यह ऐतिहासिक सहयोग हरित ऊर्जा पहल और पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति जेसीएपीसीपीएल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक उज्ज्वल चक्रवर्ती और एम्पिन एनर्जी के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ पिनाकी भट्टाचार्य ने कार्यान्वयन प्रक्रिया शुरू करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते की



शर्तों के तहत, जेसीएपीसीपीएल 2.8 मेगावॉट की मजबूत क्षमता वाले सौर पैनल स्थापित करने के लिए तैयार है, जो स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए सूर्य ऊर्जा का उपयोग करेगा। श्री चक्रवर्ती ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम सौर ऊर्जा की शक्ति का उपयोग करने के लिए एम्पिन एनर्जी ट्रांज़िशन के साथ हाथ मिलाने सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। यह सहयोग हरित संचालन और उज्जवल एवं अधिक सस्टेनेबल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस भावना को दोहराते हुए, श्री भट्टाचार्य ने कहा, जेसीएपीसीपीएल के साथ हमारी साझेदारी देश में नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को सशक्त बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव में मानभूम छऊ व खरसावां छऊ के साथ किया गया पक्षपात : प्रभात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नटराज कला केन्द्र चोगा के सचिव सह झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव प्रभात कुमार महतो ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव में मानभूम छऊ एवं खरसावां छऊ को शामिल नही करने को पक्षपात करने का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि 9 एवं 10 अगस्त 2023 को झारखंड सरकार के द्वारा बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें मानभूम छऊ और खरसावां छऊ को छोड़कर लगभग सभी विधा के नृत्य संगीत को शामिल किया गया था ,जबकि मेला परिसर सहित पूरे राजधानी में प्रचार प्रसार हेतु फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर ब्रोशर आदि मे छऊ नृत्य का फोटो लगाया गया था । इतना ही नहीं मंच के दोनों ओर मानभूम छऊ नृत्य के बड़े बड़े मुखौटे और पोशाक से सजाए गए, लेकिन मानभूम छऊ नृत्य के किसी भी दल को आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभात कुमार महतो ने कहा कि देश विदेश में पसंद किए जाने वाले इस विधा को अपने राज्य में ही नजरंदाज किया जाना कलाकारों के साथ घोर अन्याय हुआ।

## चक्रधरपुर-टाटा मेमो पैसेंजर ट्रेन को यात्रियों ने गम्हरिया में रोककर ट्रैक किया जाम, हावड़ा मुंबई रेल मार्ग बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रतिदिन यात्री ट्रेन को रोककर मालगाड़ी को पास करने के कारण घंटों परेशान चक्रधरपुर-टाटा मेमो पैसेंजर के यात्रियों द्वारा शुक्रवार को यशपुर फाटक के पास ट्रेन रोककर हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर यातायात 3 घन्टे पूरी तरह से ठप्प है। यात्रियों ने बताया कि चक्रधरपुर- टाटा मेमो पैसेंजर चक्रधरपुर, राजखरसावां, सीनी गम्हरिया जैसे दर्जनों स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आवागमन का एक प्रमुख साधन है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मजदूर इस ट्रेन से आकर आदित्यपुर



औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न कंपनियों में काम करते हैं। लेकिन प्रतिदिन ट्रेन की लेटलतीफी के कारण मजदूर समय पर अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं पहुंच पाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है और उस दिन उन्हें कार्य करने का अवसर नहीं दिया जाता है। यात्रियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत रेलवे के बड़े अधिकारियों से की गई और ट्रेन को समय पर चलाने की मांग की गई। लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शुक्रवार को भी चक्रधरपुर से खुलने के बाद ट्रेन जगह- जगह रुकते हुए आ रही थी, जिससे ट्रेन काफी लेट हो चुकी थी। जैसे ही ट्रेन सीनी - गम्हरिया रेलखंड पर स्थित यशपुर फाटक के पास पहुंची, ट्रेन एक बार फिर से वहां खड़ी हो गई। इससे पहले से ही आक्रोशित यात्रियों का आक्रोश फूट पड़ा और एक साथ सभी यात्री ट्रेन से उतरकर इंजन के सामने जमा हो गए। रेल ट्रैक जाम होने की सूचना पाकर रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और यात्रियों से वार्ता कर ट्रेन को समय पर चलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का उन्हें भरोसा दिलाया। काफी मान मनौव्वल के बाद यात्रियों का गुस्सा शांत हुआ जिसके बाद पुनः उक्त रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन जारी हुआ।

## अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का मतदान 16 सितंबर को व नामांकन 16 अगस्त से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा गुरूवार को किया गया। जिसमे मतदान की 16 सितंबर रखी गई है। इसकी जानकारी संवाददाता सम्मेलान में अंजुमन इस्लामिया चुनाव आयोग के चेयरमैन शाहिद अनवर ने दी। बताया चुनाव का अधिसूचना 10 अगस्त को जारी होने के बाद से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। नोमिनेशन और नोमिनेशन फार्म की ब्रिक्री 16 से 22 अगस्त तक और समय संध्या 7 से 9 बजे तक का होगा। नोमिनेशन फार्म की जांच 23 अगस्त को संध्या 7 बजे से की जाएगी। नाम वापसी 24 अगस्त को संध्या 7 से 9 बजे तक की जा सकेगी। चुनाव चिंह का आवंटन 26 अगस्त को संध्या 7 बजे से किया जाएगा। प्रचार प्रसार की अंतिम तिथि 14 सितंबर दोपहर 3 बजे तक ही होगी। मतदान 16 सितंबर शनिवार को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा और मतगणना 16 सितंबर को ही संध्या 5 बजे से शुरू होगी। परिणाम की घोषणा मतगणना संपन्न होने के बाद किया जायेगा। नोमिनेशन के सभी कार्यक्रम उर्दू टाउन मध्य विद्यालय स्थित चुनाव आयोग अंजुमन




इस्लामिया, चक्रधरपुर के कार्यालय से संचालित होंगे। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग के 28 सदस्य उपस्थित थे।

**7 बूथ बनाये गये हैं:** चक्रधरपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुल सात मतदान केंद्र बनाये गये हैं. सिमिदीरी मदरसा बूथ में मंडलसाई, चोंगासाई, आजादबस्ती, पारसाई, सिमिदीरी, मदरसा मेराजुल इस्लाम चांदमारी मतदान केंद्र में चांदमारी, लोको, देवगांव, चट्टानी, उर्दू टाउन उच्च व मध्य विद्यालय के दो बूथ में पुराना वार्ड संख्या 10, पापड़हाता और शहर के अन्य छोटे छोटे इलाके के मतदाता तथा मदरसा फैजुल कुरआन दंदासाई के तीन बूथ में बंगलाटांड। दंदासाई, अंसारनगर, मिल्लत कॉलोनी, रिटायर्ड कॉलोनी के मतदाता मत डालेंगे।

**करीब साढ़े पांच हजार मतदाता डालेंगे वोट:** अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में करीब साढ़े पांच हजार मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ये सभी मुस्लिम और स्थानीय मतदाता हैं। चक्रधरपुर के बाहर के लोग वोटिंग में हिस्सा नहीं लेंगे। विधान सभा के मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाता वोटर होंगे। इसके अलावे जिनका नाम सूची में शामिल नहीं है, उनसे 15 अगस्त तक आवेदन मांगा गया है।

**70 मतदान कर्मी की सेवा ली जा रही है:** सात बूथों और मतगणना के लिए 70 मतदान कर्मियों की सेवा ली जा रही है।ये सभी केंद्र व राज्य सरकार के कर्मी हैं या पूर्व में थे, जिन्हें पूर्व में मतदान कराने का अनुभव प्राप्त है। मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा

**पांच पद का होगा चुनाव:** अंजुमन इस्लामिया के लिए पांच पदों का चुनाव होगा। अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, सह सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव मतपत्र और गुप्त मतदान के जरिये किया जायेगा।

संक्षिप्त खबरे

## आरपीएफ टीम ने अवैध रेल टिकट के विरुद्ध प्रज्ञा केंद्रो पर चलाया छापामारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** बरवाडीह रेल आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में बरवाडीह रेल आरपीएफ क्षेत्र के बेतला, केचकी, कुटमू चौक समेत विभिन्न अलग-अलग जगहों पर अवैध रेल टिकट बुकिंग करने को लेकर संघन जांच अभियान चलाई गई। जिसमें प्रज्ञा केंद्रो और आनलाईन कम्प्यूटर केन्द्र पर आरपीएफ टीम के द्वारा अवैध टीकट दलाली मामले में बरवाडीह आरपीएफ क्षेत्र के विभिन्न प्रज्ञा केंद्रो पर सघन छापामारी अभियान चलाया गया और प्रज्ञा केंद्र संचालकों को हिदायत दी गई की किसी भी कीमत में अवैध रूप से रेल टिकट बुकिंग नहीं करेंगे, छापामारी अभियान में सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, प्रधान आरक्षी सुरेश सिंह यादव तथा आरक्षी मनोज कुमार इत्यादि मौजूद थे।

# पिंडारकॉम में जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के बसिया पंचायत के पिंडारकोम ग्राम में गुरुवार की रात्री जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है।इस दौरान जंगली हाथियों ने किशु गंझू व लालू यादव के घरों को ध्वस्त कर दिया, एवम खाने की सामग्री, बर्तन, एवं फसल को भी नष्ट कर दिया। वही फूलमती देवी, हरिनाथ यादव, संजय यादव, बिग्नी मासोमत, महादेव यादव, वीरेंद्र यादव के मक्का के फसल को बर्बाद कर दिया। घटना की सूचना पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव घटनास्थल पर पहुंचकर अपने निजी कोष से तुरंत खाद्य सामग्री, मुहैया कराया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का अश्वासन दिया ।वही मौके पर से प्रितलाल यादव ने वन विभाग अधिकारी को फोन कर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही। इस मौके पर राजद नेता पंकज सिन्हा, प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान राम कुमार यादव, रामप्रवेश राम, महादेव यादव, वीरेंद्र यादव, विजेंद्र यादव, केवल यादव, संजय यादव, अर्जुन राम, विनोद यादव, सबिंदर गंझू, बबलू यादव, उपेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, सोहराई गंझ समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## डाकिया योजना के तहत 13 आदिम जनजाति के बीच किया गया अनाज वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के जपुआ टोला में निवास करने वाले आदिम जनजाति के लोगों के बीच डाकिया योजना के तहत 35 किलो करके प्रति लोगों को अनाज दिया गया। यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एजीएम उज्जवल कुमार सिंह एफटीसी अनिल प्रजापति जन वितरण प्रणाली दुकानदार अवध कुमार दांगी के निगरानी में वितरण किया गया। लाभुक का नाम सेकमा बिरहोरीन, सुनीता विरहोरीन सोनी बिरहोरिन खजरी बिरहोरिन रेखा बिरहोरिन नैयकी बिरहोरिन व अन्य का नाम शामिल है।

## दीवाना महाकाल में लातेहार का बेटा है लीड रोल में, गाना मचा रहा धमाल



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के अम्बाकोठी निवासी अमरदीप मोदनवाल दीवाना महाकाल में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि हर वर्ष सावन माह में बाबा भोलेनाथ के भक्तों के लिए कई भजन लॉन्च होते हैं। इस वर्ष दीवाना महाकाल के गाने लोगों को काफी भा रहे हैं। इस गाने के लीड रोल में अमरदीप मोदनवाल नजर आ रहा है। जबकि म्युजिक सोनू सरगम ने दिया है। वहीं सिंगर प्रशांत पाण्डेय, गीतकार गणेश बेदर्दी, रोशन उपाध्याय, वीडियो सुट करने वाले शिवम यादव, एडिटिंग श्रवण और इसके प्रोड्यूसर महाकाल हैं। इस सम्बन्ध में अमरदीप मोदनवाल कहते हैं कि वह कलाकारी के क्षेत्र में 2018 से जुड़े है और इसके अलावे वह केसरी नन्दन, झांसी की रानी, चंद्रा गुप्ता मौर्या, राधा कृष्ण सीरियल में काम कर चूका हूँ और बीते वर्ष टिकटॉक अवार्ड की और से बिहार में सम्मानित भी हुआ था।कई बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चूका हूँ। कहा कि लातेहार में भी कई बार सूटिंग हुआ है। अभी वह लखनउ में रहकर कई गानों की सूटिंग कर रहा हूँ।

## मगध परियोजना में सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अंतर्गत मगध कोल परियोजना के मासिलौंग गांव में सीएसआर के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए और उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में मौजूद सभी ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर मगध परियोजना के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीरज कुमार अपने मेडिकल स्टाफ के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के सीएसआर के नोडल अधिकारी दिग्विजय कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## कुष्ठ की रोकथाम को लेकर कैंप का आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी कार्यालय में एलसीडीसी (प्रथम चक्र) में पाये गये संभावित कुष्ठ रोगियों के जांच के लिए कैंप आयोजित कि गई। आयोजित कैंप में 48 संभावित कुष्ठ रोगी का जांच डॉ सिध्दार्थ विश्वाल, डॉ. राजेश कुमार, काशीनाथ चक्रवर्ती के द्वारा किया गया। जिसमें 3 रोगीयों की पुष्टि के बाद में उपचार प्रारंभ कर दिया गया। सदर अस्पताल में कैंप के उपरांत में स्टेट एनएलआर एवं जिला टीम के द्वारा जिला मुख्यालय के राजहर क्षेत्र में क्षेत्र भम्रण किया गया एवं कुष्ठ रोगियों को दवा नियमित समय पर सेवन करने के लिए कहा गया ।जिनके पास में दवा समाप्त हो चुका था उन्हें दवा भी वितरण किया गया। इस दरम्यान में 1 नये कुष्ठ रोगी का खोज भी किया गया।

# चतरा एसपी का चला हथौड़ा, शराब के धंधे में लिप्त कारोबारी पर की जा रही है कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुरे जिले मे अवैध शराब के धंधे में संलिप्त तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि राँची से चतरा के रास्ते होकर एक गाड़ी में काफी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को बिहार भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी वशिष्ठनगर जोरी द्वारा अपने थाना के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ घंघरी मोड पर चेकिंग लगाया गया।पुलिस ने कार गाडी सं- क्क्र-06त- 4580 को विधिवत जांच करने पर उसमें दो व्यक्ति 1. जितेन्द्र पटेल उम्र-26 वर्ष, पिता-अरूण राय ग्राम-साई, थाना कांटी जिला-मुजफ्फरपुर (बिहार) 2. राजेश कुमार पाण्डेय पिता स्व0 राजकुमार पाण्डेय ग्राम साई थाना कांटी, जिला-मुजफ्फरपुर (बिहार) पाये गये तथा गाड़ी की डिक्की एवं सीट के नीचे तलाशी लेने पर कुल 360 बोतल रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस संबंध में बशिष्ठनगर थाना काण्ड सं0-58 / 2023 दिनांक- 11.08.2023 धारा-414/272/273 / 34 भा0द0वि0 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम विरूद्ध तीन नामजद अभियुक्तों की दर्ज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित मूल्य लगभग डेढ़ लाख रूपये बताया गया।छापामारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पु0अ0नि0 रूपेश कुमार यादव, सैट-149 के सशस्त्र बल समिल थे।

# मेरा माटी मेरा देश अभियान तहत किया गया मिट्टी का संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** मेरा माटी मेरी देश अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के केचकी, पोखरी कलां, बेतला पंचायत सचिवालय परिसर में पंचायत के विभिन्न अलग-अलग जगहों से मिट्टी संग्रहित कर पंचायत सचिवालय परिसर में लाई गई। जिसमें केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, पोखरी कलां नीतू देवी, बेतला मुखिया मंजू देवी के नेतृत्व में पंचायत अंतर्गत विभिन्न वार्ड के वार्ड सदस्य , गांव का बैगा, ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीण जनता गणमान्य नागरिक के उपस्थित में मिट्टी संग्रहित कर पंचायत सचिवालय परिसर में सभी उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उपस्थित हुए साथ ही पंचायत का मुखिया और बैगा मिट्टी का कलश लेकर उपस्थित होकर कार्यक्रम का सफल बनाया गया। मौके पर ग्राम प्रधान रामनाथ साव , मनोज मांझी, उमेश सिंह, पूर्व मुखिया संजय सिंह, उमेश कुमार बैठा, विजय प्रसाद, जमुना सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## झंडोतोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे झंडोतोलन को लेकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे सभी राजनीतीक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों किया. बैठक मे कई राजनीतीक दल, विभिन्न शैक्षणिक संस्थान के प्रधानाध्यापक सहित कई गन्य मान्य लोग उपस्थित हुए जहाँ बीडीओ सह सीओ 77 वां सवतंत्रता के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय सहित अन्य संस्थानों मे ससमय नियम संगत झंडातोलन करने को लेकर समय निर्धारित की गई. प्रखंड कार्यलय मे पूर्वाहन 8:30, पशुपालन विभाग 8:40, जेएमएम कार्यालय 8:45, मेमर्स प्रिंस भारत गैस 8:50, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 8:55, झारखंड राज्य आवासीय विद्यालय 9:00, बीआरसी कार्यालय 9:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू 9:10, राजद कार्यालय 9:15, सभी पंचायत सचिवालय मे 9:20, बीजेपी कार्यालय 9:25, आजसू कार्यालय 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35, सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:40, वानंचाल ग्रामीण बैंक 9:45, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 9:50, लेम्पस कार्यालय 9:55, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:00, सभी प्रावेट विद्यालय 10:05, बारियातू थाना 10:30 समय निर्धारित की गई। मौके पर प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा साहदेव, बिस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, मुखिया शांति देवी, सरीता देवी, एएसआई निरज दूबे, मध्य विद्यालय के एच एम अनीता देवी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के कविता देवी, बीपीओ रवि यादव, महेंद्र विधिकर, कपिल सिंह, जितेंद्र कुमार, सहित कई विभाग के लोग मौजूद रहे।

## 20 सूत्री अध्यक्ष व प्रमुख प्रतिनिधि ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम किर्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता व प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। वही साथ में समाजसेवी अर्जुन पासवान ने भी चिकित्सा उपकरणों व व्यवस्था के बारे में एएनएम से जानकारी ली।दरअसल अध्यक्ष ने स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूति महिलाओं से अवैध वसूली की शिकायत को लेकर अस्पताल पहुंचे थे।वही अध्यक्ष ने एएनएम को सख्त निर्देश दिया की गंभीर अवस्था वाले मरीजों व प्रसूति महिलाओं को सुविधा युक्त सरकारी अस्पताल में रेफर करें। बता दें की लगभग चालीस हजार की आबादी में स्वास्थ्य केंद्र में एक भी नियमित चिकित्सक न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।वही स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जाँच की एवं कक्ष का नाम अंकित करने का निर्देश दिया, वहीं चिकित्सक की नियमित प्रतिनियुक्ति के संबंध में उपायुक्त एवं सीएस को पत्र लिख कर चिकित्सक की मांग करने की

## कल्याण विभाग द्वारा निर्मित कब्रिस्तान गढ़वाल हल्की बारिश में हुआ क्षतिग्रस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के केंदू गाँव में किए जा रहे कब्रिस्तान गार्डवाल में काफी अनियमितता की उजागर पानी की धार ने कर दिखाया है। हल्की बारिश में जब गार्डवाल धाराशाही हो जा रहा है तो अत्यधिक बारिश उक्त गार्डवाल कैसे झेल सकेगा यह समझने वाली बात है। यह मामला केंदू गाँव में कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी के बाद नदी होने के कारण गार्डवाल निर्माण कार्य पूर्ण होने बाद का है। जहां पिछले दिन हल्की बारिश होने के कारण नदी में पानी आ गया था। जिससे उक्त नदी किनारे बनाए गए गार्डवाल दुबारा पानी का शिकार हो रहा है। आपको बता दें कि इसी तरह पूर्व में भी हल्की बारिश होने के कारण पानी के धार ने उक्त गार्डवाल को अपने चपेट में ले लिया था। जिसकी प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद आनन फानन में सवेंदक द्वारा जैसे तैसे पदाधिकारियों के दबाव में जोड़ दिया गया था। किंतु वगैर सीमेंट का पत्थर का गार्डवाल आखिर कैसे टिकेगा यह समझने वाली बात है साथ हीं जांच का विषय है। इस तरह आखिर केंदू गाँव के गार्डवाल क्यों बार बार धाराशाही हो रहा है । इससे साफ जाहिर होता है कि उक्त गार्डवाल निर्माण में इंजीनियर द्वारा काफी जांच पड़ताल लगे सामग्री की गुणवता का किया गया होगा। जिसका नतीजा है कि बार बार ग्राडवाल धाराशाही हो रहा है।

## सिमरिया पुलिस ने डुगडुगी बजा लुटेरे के घर चिपकाया इश्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया पुलिस ने शुक्रवार को सड़क लुटेरा राजेश गंझु के घर। डुगडुगी बजा इश्तेहार चिपकाया है। यह इश्तेहार चतरा सदर थाना क्षेत्र के कोशिलवा गांव स्थित फरार अभियुक्त के मकान में चिपकाया गया है। पुलिस ने इश्तेहार चिपकाने से पूर्व ढोल बजाकर मुनादी भी की। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्त राजेश सिमरिया थाना में लूटपाट और आर्म्स एक्ट के आरोपी है। उसके खिलाफ थाना कांड संख्या 57/19 का अभियुक्त है और लंबे समय से फरार चल रहा है। ऐसे में इश्तेहार और मुनादी तमिला कर उसे हाजिर होने की चेतावनी दी गई है। यह करवाई न्यायालय चतरा के निर्देशानुसार किया गया है। यदि शीघ्र ही फरार अभियुक्त इश्तेहार का अनुपालन नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती सहित अन्य अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई अनिल कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची, हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची, श्री हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन।परिसदन भवन, चतरा के सभागार में अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची, श्री हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित योजना यथा जन वितरण, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) से जुड़े विषयों पर आमजनों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष के समक्ष रखा गया। जन सुनवाई कार्यक्रम में राशन डीलर द्वारा समय समय पर वितरण नही करने, कम राशन मिलने, राशन कार्ड नहीं बनने, राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ने जैसे कई शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत किया गया। जिसपर अध्यक्ष द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। अध्यक्ष द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए वैसे योग्य लाभुक जो अभी तक राशन कार्ड से वंचित है उन सभी का सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ ऐसे परिवारों का राशन कार्ड बनवाने की दिशा में कार्य करने एवं आकस्मिक खाद्यान्न कोष से इन परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि अनाज के अभाव में कोई भी लाभुक भूखा ना रहे एवं भूख से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु ना हो यह सुनिश्चित की जाए। खाद्यान्न वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु झारखंड राज्य खाद्य आयोग के वाट्सएप्प नंबर-9142622194 पर शिकायत दर्ज करवा सकते है। अध्यक्ष द्वारा जिले के सभी पंचायत भवन में से जुड़ी सभी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया, जिससे लाभुकों को उन्हें मिलने वाली सरकारी लाभ संबंधित पूर्ण जानकारी मिल सके।जन सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य, झारखंड राज्य खाद्य आयोग, श्रीमती शबनम परवीन, अपर समाहर्ता श्री पवन कुमार मण्डल, सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बारिश में पचमों के इस यात्री पड़ाव में ठहरना, आफत से है भरा, जनप्रतिनिधि और अफसरों का नहीं है इस ओर ध्यान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** सावधान इस समय बारिश का मौसम है और ऐसे में जब आप घर की चौखट से बाहर निकाल कर सफर पर हों और बारिश आ जाए पचमों में बने इस यात्री पड़ाव में ना ठहरें और अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए बारिश में थोड़ा भींगकर ही सही मगर आगे करमा की ओर बढ़ चले या फिर इटखोरी की तरफ बढ़ चलें।पचमों में स्थित यात्री पड़ाव पूर्ण रूप से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ चुका और कभी भी धराशायी हो सकता है। मयूरहंड प्रखंड का यह मुख्यरूप से मुहाना है। मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय यहां से महज 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मयूरहंड पुलिस और प्रखंड प्रशासन के कर्मियों को इसी रास्ते से होकर अन्य क्षेत्रों में मुख्यरुप से क्षेत्र में विकास के रोडमैप तैयार करने या फिर मुआवना करने के लिए जाना होता है वहीं प्रखंड मुख्यालय और थाना इसी क्षेत्र से लोग अधिक संख्या में आते जाते हैं। लेकिन बारिश के इस मौसम में प्रखंड मुख्यालय आने और जानेवाले लोगों के लिए नई मुसीबतें लेकर आता है बस इसलिए की बारिश से से बचने के लिए राहगीरों व लोगों को यह यात्री पड़ाव सहारा है लेकिन इस यात्री पड़ाव में ठहरना बड़े हादसे की ओर इशारा करता है।इस बाबत करमा मझगावां पंचायत के लोग बरसात के सीजन में प्रखंड मुख्यालय इसी मार्ग से होकर आना-जाना करते हैं इन दोनों पंचायत वासियों के लिए बरसात के मौसम में दूसरे कच्ची सडको से जाना भी मुश्किलों से भरा होता है। बाहर हाल चाहे जो भी हो सिमरिया विधायक और चतरा लोकसभा सांसद के साथ-साथ चतरा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस बारे में लोगों के हित में सोचना चाहिए लेकिन लोगों की परेशानियों से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है।बड़ा सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि से लेकर आलाधिकारियों को है किसी बड़े हादसे का इंतजार तब जागेंगे जनप्रतिनिधि और अफसर तब जाकर बनेगा यहां यात्री पड़ाव और बरसात के मौसम से लेकर अन्य समय में लोग यहां हर ठहर सकेंगे।

# 214 सीआरपीएफ ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीद बीरेंद्र कुमार को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मुख्यालय के स्टेशन रोड़ स्थित 214 बटालियन सीआरपीएफ ने शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाकर शहीद बीरेंद्र कुमार को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सम्मान सभा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर केडी जोशी, कमाण्डेन्ट 214 बटालियान ने बताया कि लातेहार के स्टेशन डुरूवा निवासी वीर शहीद हवलदार बीरेंद्र कुमार शर्मा के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई, 2012 को 60 बटालियन की एक टुकड़ी ने खुंटी जिले के रानिया थाना क्षेत्र के बोकोप गांव में माओवादियों के विरुद्ध एक आपरेशन का संचालन किया गया था,जिसमें शहीद श्री शर्मा भी शामिल थे। आगे उन्होंने बताया कि जैसे ही बल की टुकडी अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंची, माओवादियों ने घात लगाकर हमला किया। माओवादियों ने आईईडी, विस्फोट के साथ-साथ भारी फायरिंग शुरू कर दी और बल की टुकडी की ओर ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिये। इस सबसे विचलित हुये बिना बल की टुकड़ी ने तुरन्त माओवादियों पर आक्रमण कर दिया।उन्होंने कहा कि बल की टुकडी को आगे बढ़ते देख माओवादियों ने अपनी सुरक्षा के लिये लगाये गये आईईडी में विस्फोट किये। इन विस्फोटों तथा फायरिंग की चपेट में आकर हवलदार शर्मा घायल हो गये। मगर घायल होने के बावजूद वह अपनी अंतिम सांस तक माओवादियों से लड़ते रहे और अंततः कर्तव्य पथ पर लड़ते हुए देश सेवा में अपने प्राण अर्पित कर दिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्र इनके द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखेगा। इस दौरान शहीद हवलदार शर्मा की मां शांति कुंवर को कमाण्डेन्ट श्री जोशी के द्वारा सम्मानित किया गया एंव रणबाकुरे की याद में बने शहीद स्मारक पर मार्ल्यापण किया गया। इस दौरान अभिनव आनन्द द्वितीय कमान अधिकारी, सन्दीप शर्मा, उप कमाण्डेन्ट एवं अन्य जवान मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मांडू चट्टी पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के कार्यक्रम मेरी माटी मेरी देश के कार्यक्रम के तहत का आयोजन किया गया इस दौरान ग्राम से मिट्टी अमृत कलश लेकर प्रखंड मुख्यालय के पहुंचे इस कार्यक्रम में चट्टी पंचायत सचिव राजकुमार रोजगार सेवक अनिल महतो समाजसेवी छोटेलाल योगेश्वर महतो मोहम्मद मिस्टर आलम जावेद हुसैन सुकर मांझी परमेश्वर महतो ईश्वर साव लालमोहन सुरेंद्र गुप्ता दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

### गुरुवार बाजार क्षेत्र कॉलोनी का ट्रांसफार्मर जला

**सिरका :** सीसीएल के गुरुवार बाजार जीपी कैंप कॉलोनी क्षेत्र बिजली आपूर्ति में लगे 1.5 केवी का बिजली ट्रांसफार्मर जल गया। इसके बाद करीब 400 मजदूर क्वार्टरों की बिजली गुल हो गई। बाद में गुरुवार संध्या पांच बजे सीसीएल बिजली विभाग के द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए दूसरे क्षेत्र से बिजली करंट बहाल की गई।

### मारूति वैन और बाइक में टक्कर, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़ :** बरकाकाना-रामगढ़ मुख्य मार्ग स्थित बंजारीनगर फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह मारूति वैन और बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से ऑटो से सदर अस्पताल भिजवाया गया। घायल युवक बरकाकाना के बताये जाते है। जबकि मारूति वैन महुआ टोला (लपंगा) की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार आर्मी स्कूल से बंजारी मंदिर के बीच पड़ने वाले फ्लाईओवर पर मारूति जेएच 01 सीजी 8317 रामगढ़ की ओर आ रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक जेएच 24 जे 0319 ने पीछे से टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। दुर्घटना मे बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह से जख्मी हो गए। घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया है।

### इनरव्हील क्लब ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश भक्ति समूह गान का आयोजन किया

**रामगढ़ :** क्षेत्र की प्रसिद्ध महिलाओं की सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने प्रत्येक वर्ष की भांति आज 11 अगस्त को गंगा रेजीडेंसी में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सात विद्यालयों के 160 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। क्लब की अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने का काम करना है। साथ ही उनके गायन कौशल में भी सुधार होता है। बताया कि इस बार इस प्रतियोगिता में 160 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग में बताकर किया गया है।दोनों ग्रुप में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नाश्ते का पैकेट दिया गया। इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आर्मी स्कूल रामगढ़, द्वितीय स्थान अग्रसेन डीएवी और तृतीय स्थान गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ को मिला। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़, द्वितीय स्थान आर्मी स्कूल रामगढ़ और तृतीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर को मिला।वही इस मौके पर समाजसेवी और प्रतियोगिता के जज के रूप में उपस्थित कमल बगड़िया और लखन प्रसाद नहीं विजेताओं के नाम घोषित किए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा के क्रम में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने तीन दिनों के अंदर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा विगत 6 महीनों में राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को उपलब्ध कराए गए सभी जांच प्रतिवेदनों की कॉपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जांच के दौरान किसी भी कारखाने द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं करने संबंधित कोई भी मामला सामने आने पर तत्काल एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को तत्काल रूप से जिले में संचालित सभी कारखानो, कारखानों में लगाए गए ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम यथा पीएम10 एनालाइजर, सीईएमएस आदि, ऑनलाइन मोनिटरिंग सिस्टम की वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था होने के बावजूद कारखाने से निकलने वाले काले धुएं एवं फैलने वाले प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कारखाना संचालन के दौरान पूरे समय प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों का का काम करना सुनिश्चित करने एवं सही तरीके से इसकी जांच संभव हो से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।कारखानों के सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कारखाने द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना वेस्ट डंप ना किया जाए। इस संबंध में उपायुक्त में औचक रूप से कारखाने की जांच करने एवं अवमानना करने वाले कारखानों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



## जिला सहकारिता कार्यालय के किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिला सहकारिता कार्यालय की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की समीक्षा के क्रम में रामगढ़ जिला अंतर्गत पंजीकृत सभी 141 पैक्स केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह पूरा प्रयास होना चाहिए कि जिले में प्रत्येक खेती योग्य भूमिका का सही तरीके से इस्तेमाल कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार सहित अन्य लाभ दिए जाएं। मौके पर उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को वैसे पैक्स जो वर्तमान में सही तरीके से संचालित नहीं हो रहे हैं उनके नियमित एवं सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने का कार्य 25 अगस्त 2023 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को बताया गया कि जिले में पंजीकृत 141 पैक्सों में 29 पैक्स के पास गोदाम की सुविधा उपलब्ध है।

## मुखिया प्रियंका कुमारी ने सोना-सोबरन धोती साड़ी एवं लूंगी का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग):** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन धोती साड़ी एवं लूंगी योजना के तहत भीम प्रसाद जन वितरण कार्य प्रणाली दुकान झुरझुरी में किया गया।धोती साड़ी एवं लूंगी वितरण कार्य में स्थानीय मुखिया प्रियंका कुमारी एवं पूर्व मुखिया सावित्री देवी के द्वारा किया गया।मुखिया प्रियंका कुमारी ने कही कि झारखंड सरकार का यह महत्वकांक्षी योजना है.यह योजना से गरीब-असहाय लोगों को काफी मदद हुई है. यह योजना का लाभ सभी अहर्ता प्राप्त राशन कार्ड धारकों को अवश्य रूप से लेनी चाहिए।वितरण कार्य के मौके पर सहदेव प्रसाद वार्ड सदस्य,छोटी लाल प्रसाद, चोलो प्रसाद,धीरज कुमार,राजकुमार चौधरी,चेतलाल प्रसाद,शिवशंकर प्रसाद,कैलाश प्रसाद,बालेश्वर महतो के अलावे सैकड़ों की संख्या में लाभुक व ग्रामीण मौजूद थें।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसकी सहायक नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से संचालित भुवन गंगा एप के माध्यम से रामगढ़ जिले के विभिन्न जल स्त्रोतों में ड्रेनेज व डंप स्थलों को चिन्हित कर जिओटैग करने को लेकर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सहायक अभियंताओं व प्रखंड समन्यवकों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को आगामी 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा निकाले जाने वाली प्रभात फेरी की जानकारी दी गयी।

## मेरा माटी-मेरा देश अभियान के तहत पंचायत पालू से कलश यात्रा निकाली गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत् पालू पंचायत से पंचायत मुखिया पानो देवी के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में शामिल ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पंचायत भवन पालू से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय परिसर तक पहुंची इस कलश यात्रा की खासियत यह थी कि मुखिया पानो देवी के साथ सभी सैकड़ों महिला-पुरुष पैदल यात्रा कर प्रखंड मुख्यालय परिसर पहुंचे जहां पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता प्रमुख कौशल्या देवी उप प्रमुख बबीता पांडे ने कलश यात्रा में



शामिल लोगो का स्वागत किया तथा कलश को सम्मान पूर्वक लेकर स्थल में रखा।मौके पर पंचायत मुखिया पानो देवी ने बताया कि यह माटी प्रखण्ड कार्यालय पतरातु से दिल्ली अमृत वाटिका जायेगी ओर इस माटी से वृक्ष लगाया जाइएगा और उन वीर शहीदों के नाम जिसने अपना सर्वोचिया बलिदान हमारे देश के लिए दिया है! हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मन की बात में मेरी माटी मेरा देश का उल्लेख किया था उसी अभियान को पंचायत पालू से भी किया गया । मौके पर मुखिया पानो देवी,पंचायत समिति सदस्य,सुनीता देवी,अजय कु सिंह, उप मुखिया उज्जवल कुमार सिंह,पंचायत सेवक नरेश महतो, ग्राम रोजगार सेवक राजकुमार रवि, वार्ड सदस्य राहुल कुमार,शिव कु महतो,सेवंती देवी ललिता टोप्पो, सविता कुमारी, दिलनारायन कुमार, ममता देवी, नमिता देवी, सबिता देवी, संध्या कुमारी, विक्की कुमार, सेवता भारती, कृष्ण कुमार सिंह,आदि थे ।

## बच्चों के बीच कानून के तहत अपने अधिकारों को सुरक्षित करने की दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** शुक्रवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में जन सेवा परिषद की कम्यूनिटी सोशल वर्कर एवम् ज़िला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी एवम् ज़िला मंत्री व पूर्व अध्यक्ष भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के गुरुदेव गुप्ता ने संयुक्त रूप से कक्षा प्रथम से दशम तक के भैया बहनों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी जैसे अति संवेदनशील मुद्दों पर अपनी बात रखी। इन्होंने कहा कि आप सभी अपने अधिकार को समझे और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के विरुद्ध आवाज़ उठायें।चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर आप अपने पास पड़ोस में रह रहे बच्चों पर हो रहे अपराध की जानकारी साझा कर एक सतर्क नागरिक बनें। सभी भैया बहनों से शपथ लेकर इनकी बातों का समर्थन किया।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।



## सार्वजनिक मां दुर्गा पूजा सिरका समिति का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सिरका गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक दुर्गा पूजा में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुरानी समिति को भंग कर नए कमेटी का गठन किया गया। इसमें दुर्गा पूजा समिति सिरका के अध्यक्ष सह पीओ श्रीकांत शर्मा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक खान राकेश कुमार, सचिव सत्येंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, सह सचिव प्रदीप रविदास, सह कोषाध्यक्ष विष्णु राम, हरबिंदर महतो चुने गए। जबकि संचालन समिति में डीके सिंह, हरिनंदन चौधरी, प्रशांत बेलथरिया, विजय सिंह, सुखदेव महतो, नागेश्वर महतो आदि शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में योगेश हजारी गोपाल महतो, राजेंद्र कुमार, शनि महतो, नेपाल महतो, रुपेश महतो, विजय कौशिक, कैलाश यादव, ललन यादव, विजय सिंह आदि के नाम शामिल हैं। मौके पर कई कामगार उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुआ।साहेबजादा अजीत सिंह .साहेबजादा जुझार सिंह. साहेबजादा जोरावर सिंह. साहेबजादा फतेहसिंह। कार्यक्रम का संचालन विधालय के शिक्षक राजेश सिंह के द्वारा हुआ।यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें प्रथम जुझार सिंह हाउस, द्वितीय फतेह सिंह हाउस ,और तृतीय अजीत सिंह हाउस ।इन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया ।प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## स्वतंत्रता सेनानी खैरा मांझी चौक समिति का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** शुक्रवार को सॉकूल पंचायत अंतर्गत बबनधारा स्थित स्वतंत्रा सेनानी खैरा मांझी चौक समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमन भारती और संचालन परमानंद राजीव ने किया। इस बैठक में सभी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुमन भारती उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी(उप मुखिया) सचिव महेंद्र कुमार महतो,सह सचिव परमानंद राजीव, संरक्षक में अंजू कुमारी(पंचायत समिति सदस्य) उदय साव,सुनील राम,मान सिंह, रेखा देवी और सदस्य के रूप में संजय उपाध्याय, विजय कुमार, संजय सिंह बम बम यादव,मो मूला अंसारी, मो जाहिद अंसारी, अवधेश सिंह, बबलू यादव,चंदन मेहता और अर्जुन साव आदि को चयन किया गया।

## कंजगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में खेलो झारखंड खेलों का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मांडू के कंजगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को खेलो झारखंड खेलो 2023- 24 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया। बताया गया कि आगामी 3 दिनों तक कक्षा पहले से दसवीं तक के अंडर-14, 17, 19 बालक बालिका के बीच खो खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 20-20 क्रिकेट मैच, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक आदि खेल प्रतियोगिता होगी। इसमें प्रखंड स्तर पर बच्चे आयोजन में शामिल होंगे। मौके पर मुखिया करण वेदिया, पंसस लालचंद बेदिया, प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविंद्र बेदिया, प्रधानाध्यापक महेंद्र, खेल शिक्षक निरंजन महतो, रामानुज कुमार, जयकुमार राम, संजीत सिंह, संजय रवि,आदि थे।



## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिती द्वारा भब्य शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिती झारखंड प्रदेश ने हज़ारीबाग कल्लु चौक इस्थित मुंद्रिका कुंज में भब्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा, प्रदेश सचिव सुरेश पांडेय प्रदेश संरक्षक बसंत पांडेय,प्रदेश प्रवक्ता मदन पांडेय झारखंड प्रदेश के युवा अध्यक्ष पवन जिगर पांडेय कृष्णा पांडेय महेंद्र पांडेय कन्हैयालाल पांडेय डा शंभुनाथ मिश्रा सत्यनारायण शर्मा धनेश्वर तिवारी ,निवास पांडेय ,मनोज पांडेय , रामचन्द्र पांडेय ,देवचरण पांडेय , सुमन पांडेय ,रविशंकर पांडेय प्रदुमन पांडेय , लखन पांडेय , अरुण पांडेय , राजकुमार पांडेय बहुत सारे लोग उपस्थित थें।

## रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज की हुई विशेष बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला पेंशनर कल्याण समाज की विशेष बैठक कैंप कार्यालय ( अनुमंडल) परिसर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की गई तथा जिला कार्यालय के रिनोवेट में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की गई। आज की बैठक में उपाध्यक्ष वृन्दावन सिंह ,संरक्षक मण्डल के पन्ना लाल राम ,दिलीप साहा तथा अशोक गुप्ता,देशरण महतो , नरेश साहू, राम नंदन सिंह, दुबेस्वर महतो उपस्थित थे ,बैठक के बाद पेंशनर समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल नवपदस्थापित उपायुक्त चंदन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करने गए। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह, वृन्दा वन सिंह, छुन्नु साहू, दिलीप साहा और अशोक गुप्ता शामिल थे।उपायुक्त को पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत , अभिनंदन किया गया।उपायुक्त ने बताए कि मेरे पिता भी सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक एवं पेंशनर हैं।

## झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम का ट्रायल हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** छावनी परिषद रामगढ़ में स्पोर्ट्स एसोसिएशन फॉर दा डिसेब्लड एवं दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय ट्रायल किया जिसमे झारखंड राज्य के कई जिलों के दिव्यांग भाग लिए। इससे पूर्व बोर्ड के सचिव अतहर अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त उद्घाटन किया,सभी खिलाड़ियों ने अपना अपना परिचय देते हुए अतिथि को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस बाबत अतहर अली ने बताया कि झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर तमिलनाडु के कोयंबटूर में त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेगी जो दिनांक 26 अगस्त 2023 से लेकर 27 अगस्त 2023 तक होगा जिसमें झारखंड टीम शिरकत करेंगी। जिसमें चयनकर्ता के रूप में , भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार, एवं तथा झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच कमरुल हसन मौजूद रहे, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी इन दिव्यांग क्रिकेटरों का चयन हुआ जो इस प्रकार है 1,राजेश कुमार (कप्तान ) बोकारो 2, बबलू गोप - बोकारो 3, फागू करमाली रांची 4 विनोद कुमार महतो रामगढ़ 5,शकुनि मुंडा रामगढ़ 6, राजेश कुमार- हजारीबाग 7,भरत कुमार- धनबाद 8, मुदस्सिर खान- जामताड़ा 9,भूपेश कुमार - लातेहार 10, मंगल मुंडा - रामगढ़11, अजहर गिरिडीह 12, सुनील कुमार चतरा 13, प्रमोद कुमार बोकारो 14, रंजन कुमार सिमडेगा 15, संदीप करमाली टीम मैनेजर 16, कमरुल हसन टीम कोच 17, डॉक्टर लाल देव, टीम फिजियोथैरेपी 18, अतहर अली मेंटर आदि को चयन किया गया।

## उपायुक्त ने फुटबॉल को किक मारकर किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आज दिनांक 11 अगस्त को हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में आयोजित होने वाले हजारीबाग फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त नैन्सी सहाय द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों के बीच उद्घाटन मैच लुक्का स्पोर्टिंग क्लब, सिंदूर बनाम साई राम क्लब, डंडई के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में लुक्का स्पोर्टिंग क्लब, सिंदूर 2-0 से विजय हुई। हजारीबाग फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 20 क्लब भाग ले रही है। पूरी प्रतियोगिता कर्जन ग्राउंड खेली जायेगी। लीग मैच के आयोजन के माध्यम से संतोष ट्रॉफी के लिए हजारीबाग जिला टीम का गठन किया जायेगा। अंतर जिला के लिए हजारीबाग जिला टीम 10 सितंबर से गढ़वा में होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगी।इस मौके पर हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहम्मद मंसूर आलम, सचिव कोलेश्वर गोप, उपसचिव सुरेंद्र राम सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया स्मार्टकेयर हाइड्रोलॉक एक्स्ट्रीम अब घर की दीवारों को बनाइए वॉटरप्रूफ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अब अपने घर की दीवारों की सीलन को अलविदा कह दीजिए। एशियन पेंट्स ने अपने ब्रैंड एंबेसेडर रणबीर कपूर और पीवी सिंधु के साथ घर के अंदर की वॉटरप्रूफिंग के लिए एक बेहतरीन सोल्यूशन स्मार्टकेयर हाइड्रोलॉक एक्स्ट्रीम पेश किया है। अपने कई बेहतरीन फीचर्स के साथ मिलने वाला, हाइड्रोलॉक एक्सट्रीम आपके घर की दीवारों को सीलन और शोरा जैसी वॉटरप्रूफिंग की मुश्किल समस्या से बचाने के लिए बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करता है। स्मार्टकेयर हाइड्रोलॉक एक्सट्रीम घर की दीवारों पर आसानी से लगाए जाने वाला इंटीरियर वॉटरप्रूफिंग सोल्यूशन है, जो बिना किसी तोड़ फोड़ के आपके घरों की वॉटरप्रूफिंग की सभी जरूरतों को पूरा करता है। देश भर में मौसम की अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए, एशियन पेंट्स ने घर के मालिकों को उनके घर की दीवारों पर सीलन और शोरा जैसी वॉटरप्रूफिंग की गंभीर समस्याओं से निजात दिलाने का बेहद सुविधाजनक और प्रभावी तरीका पेश किया है। हाइड्रोलॉक एक्सट्रीम को सीधे प्लास्टर लेवल पर लगाया जा सकता है और इस तरह यह दीवारों की वाटरप्रूफिंग के पारंपरिक तरीकों से बिल्कुल अलग है, जिसमें प्लास्टर को तोड़ा जाता है और काफी मेहनत भी करनी पड़ती है।




## हुटार दमदमा रोड स्थित कुंआ से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हुटार दमदमा रोड स्थित कुंआ से तकरीबन 26 वर्सिये एक व्यक्ति का शव मिला है जो गुलाबी रंग का हाफ टीशर्ट और कत्था कलर का पेंट पहने हुआ है अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर व्यक्ति को कोई पहचानते हों तो चान्हो थाना से सम्पर्क कर लें।

## मुरी टुंगरी पार्क में स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर विधायक ने किया निरक्षण

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता दिवस को इस वर्ष आकर्षक ढंग से मनाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो मुरी टुंगरी का निरीक्षण किया। पार्क के कर्मचारियों को साफ-सफाई समेत कई दिशा निर्देश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए गुंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के पश्चात एनसीसी कैडरो द्वारा मार्च फास्ट एवं झंडे को सलामी दी जाएगी इसके अलावा विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा संस्कृत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसकी तैयारी को लेकर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सूचना कर दी गई है। मुरी टुंगरी में लगे झंडे को भी बदला जाएगा।ज्ञात हो कि मुरी टुगरी पार्क में15 अगस्त 2022 को 75 फीट ऊंची पोल पर 21 फीट लंबी एवं 14 फीट चौड़ी राष्ट्रीय झंडा फहराया गया था। इस मौके पर गूँज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ,संजय सिद्धार्थ ,सुशील महतो, वन विभाग के पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## सिल्ली बुंडू चौक पर कृषि मंत्री बादल पत्र लेख का जोरदार स्वागत



(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**सिल्ली :** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख जी एवं पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो का सिल्ली बुंडू चौक एवं बंता बिरसा मुंडा चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख जी ने वीर शहीद बिरसा मुंडा जी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सोनाहातु प्रखंड अध्यक्ष अजगूत महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, मंजूर मोमिन, भूतनाथ मंडल, शबुद्दीन अंसारी, बलराम महतो, गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा, रसोराज लोहरा, उर्मिला देवी जगदीश महतो, पिनाकी बनर्जी सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## कोडरमा में 6 जुआरी जुआ खेलते धराये , गए जेल

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**कोडरमा :** कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के बेकोबर बूढ़ा आहर के समीप से जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया ,साथ ही मौके पर से दो मोटरसाइकिल ,एक हजार नगद और ताश के पत्ते जप्त किया ।गिरफ्तार आरोपियों में बेकोबर निवासी अजहर अंसारी ,अनिल पण्डित ,सुनील प्रसाद ,पप्पू साव ,सुनील प्रसाद ,इंदरवा बस्ती निवासी गुड्डू कुमार के नाम शामिल है। थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर बड़े पैमाने पर जुआ का आयोजन किया जाता है ,सूचना के आलोक में छापामारी कर जुआ खेलते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ,साथ ही जुआ स्थल से दो मोटरसाइकिल ,एक हजार नगद और ताश बरामद किया गया ,मामले को लेकर कांड संख्या 145/23 में प्राथमिकी दर्ज करते हुए ।

**BEFORE THE RESIDENT EXECUTIVE MAGISTRATE BOKARO**

**AFFIDAVIT**

AMAR KUMAR , son of Ajay Mandal, Aged about - 22 years, by faith -Hindu, by occupation-Student ,Resident of S.I.T Colony ,Dugda, P.O. Dugda Coal Washery P.S- Dugda , Bokaro, Jharkhand-828404, Aadhaar No. 3424 6684 6423, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-1. That my father's correct name has been mentioned in my Adhaar No. 3424 6684 6423 and PAN No. KDXPK9473D and in my educational certificate as AJAY MANDAL. 2. That , mother's correct name has been mentioned in Adhaar No. 7124 0388 0031 and Voter ID Card No. LTY1310085 as MINU DEVI.3. That ,the name of my father has been mentioned in his Aadhaar No. 7846 2793 2632 and in his PAN No. BQLPM892 as AJAY PRASAD MANDAL. 4. That AJAY MANDAL and AJAY PRASAD MANDAL is the name of same and one person i.e my father. 5. That the name my mother has been mentioned in my education certificate as MINU MANDAL. 6. That MINU DEVI and MINU MANDAL is the name of same and one lady i.e my mother. 7. That, I am swearing this affidavit in a token of proof of oneness and sameness of my father's and mother's above names in order to submit/produce it before the competent concerned authority as and when required and for the needful purpose.

## उर्सूलाइन कॉन्वेंट स्कूल में लोकनृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** उर्सूलाइन कॉन्वेंट स्कूल में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें विद्यालय के चारों हाऊस सैंट एंजेला, सेंट ज़ेवियर, सैंट उर्सुला और फादर जॉन लैम्बर्ट्ज़ के प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता हुई. इस प्रतियोगिता को सब - जूनियर वर्ग, जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग में बाँटा गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने दिप प्रज्वलन कर किया.जज के रूप में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका अनिमा कान्सीर, आरती तिर्की, प्रभाकर शर्मा व अम्बुज़ कर्मकार को नियुक्त किया गया. विभिन्न वर्ग के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य में आसाम का बिहू, राजस्थान का घूमर नृत्य , गुजरात का डांडिया नृत्य , तमिलनाडु का भरतनाट्यम, गोवा का कोंकणी नृत्य , बंगाल का झूमुर नृत्य तथा झारखंड का नागपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया .प्रतियोगिता का आकलन कुल 400 अंकों में किया गया . सब - जूनियर वर्ग में सैंट एंजेला हाउस 357 लाकर प्रथम, द्वितीय स्थान पर 329 अंक लाकर फादर जॉन लैम्बर्ट्ज़ हाउस , तृतीय स्थान पर 313 अंक लाकर सैंट ज़ेवियर हाउस रहे. जूनियर वर्ग में प्रथम सैंट एंजेला हाउस 374 अंक , द्वितीय सैंट उर्सूला हाउस 339 अंक तथा सैंट ज़ेवियर हाउस 318 अंक तृतीय स्थान पर रहे. सीनियर वर्ग में प्रथम सैंट एंजेला हाउस 365 अंक , द्वितीय स्थान पर सैंट उर्सूला हाउस 339 अंक तथा सैंट ज़ेवियर हाउस 334 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे.इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने कहा की लोकनृत्य हमारे देश की परंपरा एवं रुचियों से हमें परिचित कराते हैं.प्रत्येक लोकनृत्य में हमें अपने देश की माटी की खुशबू मिलती है. इन लोकनृत्यों के द्वारा हमें अपने देश की विभिन्न संस्कृति की जानकारी प्राप्त होती है और हमारा मनोरंजन भी होता है.कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई ।



## तुमांग पंचायत भवन में वन अधिकार कानून को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** तुमांग पंचायत भवन में गुरुवार को वन अधिकार कानून को लेकर बैठक का आयोजन किया गया.जिसकी अध्यक्षता पनवा देवी ने किया.बैठक में वन अधिकार कानून 2006 एव संशोधित नियम 2012 की धारा पांच और धारा तीन अधार पर वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रबंधन गाँव सिमाना को लेकर जानकारी दी गई. खाली जमीन में फलदार एक उपयोगी पौधा लगाने जंगल जमीन जिसमें जैविक खेती करना है ताकि पशु पक्षी जीव जन्तु रोग मुक्त एव निरोग हो.संचालन रवि भोगता ने किया।

बैठक में सूर्यमनी भगत, अलेक्स टोप्पो, विजय भगत, हजारी गंझु ने वन अधिकार कानून को लेकर कई जानकारियां दी.बैठक में सूकरमनी देवी, मंजू देवी, रवि भोगता, सूरज गंझु, कीसुन लोहरा, सिकंदर गंझु, गणेश मुंडा, विजय गंझु, उमेश लोहरा, सुषमा देवी, पिंकी देवी, रूबी देवी, सावित्री देवी, कोशिला देवी, रेखा देवी, आदि मौजूद थे।



## अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी के किशोरगंज चौक (क्राॅउन पब्लिक स्कूल के सामने) स्थित इनवर्टर और बैटरी का मल्टी ब्रांड अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन शुक्रवार को प्रतिष्ठान के संचालक मो.जावेद आलम की सुपुत्री अक्सा अख्तारी, नायरा अख्तरी द्वारा किया गया। इस मौके पर संचालक मो.आलम ने कहा कि यहां विश्वस्तरीय गुणवत्ता युक्त मल्टी ब्रांड बैटरी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगी। जिसमें एक्साइड, लुमिनस ,माइक्रोटेक, ओकाया ,लाइव फास्ट, एमरोंन ,लाइव गार्ड समेत अन्य ब्रांड की बैटरी शामिल है। उन्होंने बताया कि टू व्हीलर, फोर व्हीलर की भी बैटरी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही बजाज फाइनेंस की सुविधा ग्राहकों के लिए यहां उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन के मौके पर विशेष रूप से उपस्थित व्यवस्थापक मो. हनी ने कहा कि ग्राहकों को किफायती दर पर विभिन्न ब्रांड के बैटरी व इनवर्टर आदि अक्सा पावर शोरूम में उपलब्ध होंगे। इस मौके पर बैटरी निर्माता कंपनियों के अधिकारीगण, हीरालाल चौरसिया,मो. सिराजुद्दीन ,मुकेश कुमार, अभिनंदन, राकेश,मनीष, कन्हैया, मनिरुद्दीन, मो. मंसूर आलम, मुकेश कुमार, सुनील रजक, मो. साबिर, मो.सईद, नायरा अख्तरी, हमजा, आमिर, अरकम, फरहान सहित अन्य मौजूद थे।



## चान्हो थाना क्षेत्र से चोरी या गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने लोगों को लौटाया

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र से गम हुए मोबाइल ढूंढने का कार्य चान्हो पुलिस बखूबी कर रही है। चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार ने 8 लोगों को उनका गुम या चोरी गए मोबाइल को बरामद कर शुक्रवार को लौटाया। गुम या चोरी हुए मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। मोबाइल मिलने के बाद लोगों ने चान्हो पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति आभार जताया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 04-F2/2023-24

पत्रांक – 669/गढ़वा, दिनांक – 11.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चुतरू मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 23,31,157.00/– (तेईस लाख एकतीस हजार एक सौ सत्तावन रू0) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 (पांच हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.08.2023 11:00 AM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.08.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.09.2023 03:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 7765955362<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 304505 Minor Irrigation(23-24).D



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

53वीं औपबंधिक सूची

जिला :– खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम की विवरणी | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–05/23<br>2. आवेदक–सुमन मुण्डा<br>3. पिता–षिबु मुण्डा<br>4. ग्राम–बरांगो पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण :–वर्ष 1999 की झामुमो पार्टी बैठक पंजी की सत्यापित छायाप्रति में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर के पहचान के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–145<br>2. आवेदक–महादेव मुण्डा<br>3. पिता–बुधवा मुण्डा<br>4. ग्राम–कनसीली पोस्ट–लोधमा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बांये पैर में घाव का निषान। | नहीं | नहीं | कारण :–वर्ष 1999 की झामुमो पार्टी बैठक पंजी की सत्यापित छायाप्रति में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर के पहचान के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुटिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 304487 Home (23-24)_D


## जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में पर्यटन एवं खेल से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले के सम्बन्धित खेल पदाधिकारी से डे बोर्डिंग, विभिन्न खेल आयोजनों एवं प्रशिक्षक सहित अन्य जानकारी ली गई। मौके पर उपायुक्त द्वारा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु सम्बंधित बिदुओं पर चर्चा के क्रम में विस्तार से जिले में खेल संचालन की जानकारियां ली गयी। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में खेल के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों के बेहतर व उचित प्रशिक्षण को सुनिश्चित कर उन्हें जिला प्रशासन द्वारा उचित सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान खेलकूद के क्षेत्र में कार्य कर रहे खेल संघ, संस्थाओं एवं खेल प्रशिक्षकों के साथ खेलकूद सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की गई। पर्यटन से संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा बताया गया कि खूंटी जिले में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किये जाएंगे। बैठक के दौरान चर्चा के क्रम में ए, बी, सी, डी यथा अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के पर्यटन स्थलों की श्रेणियों के आधार पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की जाय। इसी कड़ी में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विकसित पर्यटन स्थलों पर पर्यटन समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों का उचित अनुश्रवण किया जाय।



## तुमांग के बोरा गढ़हा तालाब में डाला गया मछली का जीरा, मिलेगा रोजगार

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुमांग पंचायत के धमधमिया में तुमांग मत्स्य पालन समिति के द्वारा शुक्रवार को बोरा गढ़हा तालाब में मछली का जीरा डाला गया. जिसमें फिलहाल रेहु, कतला और मृगा की जीरा डाला गया है. समिति के लोगो ने बताया कि मछली पालन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का काम होगा. समिति में चौदह सदस्य हैं.जैसे-जैसे काम का विस्तार होगा बेरोजगारों को जोड़ने का काम किया जाएगा. इस मौके पर मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, बसंत महतो, कयूम अंसारी, बबलू उरांव, महेश महली, गेंदवा गंझू, गोविंद लोहार, जगदीश गंझू, नरेश महतो, मुरारी शर्मा, विनय उरांव, प्रदीप कुमार सिंह, कुंजलाल उरांव आदि उपस्थित थे।



## 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने सेवा सुरक्षा बंधुत्व के तहत छात्र छात्राओं को कैंपस परिसर का कराया भ्रमण

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रांची के एस.डी शेरखाने कमान्डेंट के मार्ग दर्शन से सेवा सुरक्षा बंधुत्व की भावना को कायम रखते हुए आजादी की अमृत महोत्सव के तहत सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर व राजकीयकृत उच्च विद्यालय (10+2) तमाड़ के शिक्षक तथा छात्र छात्राओं को अजीत कुमार उपाध्याय (सहायक कमांडेंट 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची) के उपस्थिति मे जी कम्पनी सशस्त्र सीमा बल के कैम्पस परिसर का भ्रमण एवम अवलोकन कराया गया, एवम कंपनी कमांडर अजीत कुमार उपाध्याय ने स्कूली छात्र छात्राओं को केन्द्रीय पुलिस बल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया।

## सूचना मंच ने बाजार समिति के पदाधिकारियों पर जताया रोष

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा बाजार समिति प्रांगण से स्थानीय दुकानदार राजू यादव को बेदखल कर देने पर बाजार समिति के पदाधिकारियों पर रोष प्रकट किया है. राजू यादव द्वारा वर्षो से बाजार समिति प्रांगण में फल एवं सब्जी की दुकान की जाती रही है जिसका लाइसेंस भी प्राप्त है एवं टैक्स भी दिया गया है, पर जनवरी 2023 को दुकान खाली करा दिया गया, वहीं बिहार के 9 एवं यूपी के 2 लोगों को दुकान संचालित करने दिया गया, जिससे प्रतीत होता है कि बिहारी मानसिकता एवं रुपये के कारण समिति के पूर्व सचिव द्वारा प्रश्रय दिया गया वहीं स्थानीय को दरकिनार और बेरोजगारी का दंश झेलने को विवश किया गया है।

## आदिवासी महोत्सव के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार द्वारा ÷झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023÷ अंतर्गत झारखंड के सभी जिलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसी कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले में भी दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कोडरमा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें दिनांक 09 अगस्त को आदिवासी समुदाय के प्रतिभागियों ने एथेलेटिक्स एवं तीरंदाजी में भाग लिया। वहीं दूसरे दिन फुटबॉल एवं हॉकी का मैच खेला गया। 10 अगस्त को तीरंदाजी बालक वर्ग में सरिता पूर्ति प्रथम स्थान, किरण पूर्ति द्वितीय स्थान, सुनीता किंडो तृतीय स्थान वहीं बालक वर्ग में स्मिथ उरांव प्रथम स्थान, शोमा हेमब्रोम द्वितीय स्थान, बिरसा पूर्ति तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं फुटबॉल प्रथम स्थान पर मरियमपुर विजेता, बिरसा नगर उप विजेता और अम्बादहा तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग में मरियमपुर विजेता, मालवा उपविजेता, बेंदी तृतीय स्थान पर रही।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-एसपीएआरटी-09-23, दिनांक 10.08.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 01.09.2023 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** कोचिंग डिपो/हटिया में 140 टी बीडी क्रेन तथा एसपीएआरटी को ठहराने के लिए एकीकृत अच्छादित छावनी का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 32,95,393.14; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 65,900; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.09.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-497)**



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक मेसर्स पंकज कुमार (प्रो0–श्री पंकज कुमार यादव, पिता–स्व0 कृष्णा कुमार यादव), 2nd Floor कोनार्क टावर बिल्डिंग, मेन रोड, कथारा, दुर्गा मंदिर के नजदीक, जिला–बोकारो, पिन–829116/मेसर्स पंकज कुमार, फ्लैट नं0–510, काली टावर, लालपुर, रॉची–834001 मोबाईल नं0–9955442227/7991183930 एवं email address-mspankaj834001@gmail.com /pankajcool2005@rediffmail.com को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मरम्मति योजना (Post 5 Years Maintenance) अन्तर्गत केरेडारी प्रखण्ड के पतरा से कण्डावेर तक पथ का मरम्मति कार्य (लं0–7.500 कि0मी0) का आपके द्वारा किया गया एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–03.12.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–29.05.2021 था। इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के वाबजूद भी आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक–897, दिनांक–24.07.2023, पत्रांक–753, दिनांक–06.07.2023, पत्रांक–684, दिनांक–21.07.2022 एवं पत्रांक–549, दिनांक–09.06.2022 द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेश दिया गया है। इस कार्यालय का पत्रांक–897, दिनांक–24.07.2023, संचिका में उपलब्ध बोकारो एवं रॉची दोनो पता पर Speed Post से भेजा गया तथा उक्त पत्र आपके दोनो email -mspankaj834001@gmail.com एवं pankajcool2005@rediffmail.com पर भी भेजा गया, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ली गई। आप अपने पत्रांक–शून्य, दिनांक–31.07.2023 द्वारा दिनांक–03.08.2023 से पॉट पैच कार्य करने तथा दिनांक–08.08.2023 से Premixing का कार्य करने का भरोसा दिलाया था । परन्तु अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, न हीं पथ में सामग्री का जमाव किया गया है, जो दर्शाता है कि आप विभाग को धोखा दे रहे हैं तथा समय व्यर्थ व्यतीत कर रहे हैं। इसके पूर्व में भी आप अपने पत्रांक शून्य दिनांक–10.08.2022 के द्वारा दो माह में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, फिर भी आज तक कार्य अपूर्ण है, जिससे साबित होता है कि आप कार्य पूर्ण करने को इच्छुक नहीं है। आपके द्वारा कार्य नहीं करने के कारण पथ की क्षति हो रही है। ऐसी स्थिति में अब और अधिक मौका दिए बिना आपके द्वारा किये गये कार्य का अन्तिम मापी दिनांक–25.08.2023 को प्रातः 10.00 बजे से मापी लेने हेतु सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, हजारीबाग एवं कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, बड़कागॉव को प्राधिकृत किया गया है तथा वे स्थल पर उपस्थित रहकर अन्तिम मापी लेंगे ।

आपको निदेश है कि कार्य स्थल पर आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को अन्तिम मापी के समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे । यदि आप या आपके प्रतिनिधि उक्त तिथि एवं समय पर अन्तिम मापी हेतु उपस्थित नहीं रहेगें, तब भी किये गये कार्य की अन्तिम मापी ली जायेगी, जो आपको मान्य होना होगा/आपके लिए बाध्यकारी होगा। इसके बाद आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा तथा अन्तिम मापी के उपरान्त एकरारनामा के शर्तो के अनुरुप एकरारनामा विखण्डित करते हुए आपका जमा अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपके फर्म/निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग में अनुशंसा की जायेगी, जिसके जिम्मेवार आप स्वंय होंगे ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 304542 Rural Work Department(23-24)#D

## रोटरी क्लब आफ गिरिडीह ग्रेटर ने विद्यालय में लगाया दंत चिकित्सा शिविर



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार रोटरी क्लब आफ गिरिडीह ग्रेटर के तत्वाधान में शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा के प्रांगण में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन क्लब के सदस्य डॉक्टर निखिल अग्रवाल एवं डॉक्टर खुशबू गर्ग के द्वारा किया गया। इस शिविर में करीब 200 बच्चों की निशुल्क जांच की गई साथ ही साथ उनको दवा और अच्छे से ब्रश करने की सलाह दी गई। क्लब के संयोजक सीये राकेश कुमार व अध्यक्ष दीपक संथालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि आज क्लब ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हेतु उनके दांत की साफ सफाई, रखाव आदि की टिप्स हमारे डाक्टरों के द्वारा उन्हें दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्वाइंट सेक्रेटरी राजेंद्र तरवे, विकास शर्मा, विकास सिन्हा, आकाश रोशन, अनिल मिश्रा, ब्रह्मदेव प्रसाद, सुबोध मोदी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़क सुरक्षा पर एक लघु नाटिका का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, धनबाद में ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी के ऊपर कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका पेश किया जोकि सीबीएसई के तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें उन्होंने समझाना चाहा कि वाहन चलाते समय सावधान रहे तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का वाहन चलाते समय अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय खेलकूद से बचने, सड़क पार करते समय जेब्रा लाइन का ध्यान रखने की बहुत ज़रूरत है। दुर्घटना से देर भली, सावधानी से दुर्घटना टली तथा यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वे भी सावधान रहें और अपने अभिभावक को भी सावधान रहने के लिए प्रोत्साहित करें। मौके पर स्कूल के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद थे।

## कुमारधुबी बाजार में गुप्ता ज्वेलर्स से हजारों की चोरी




**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा अनुमंडल क्षेत्र के कुमारधुबी ओपी अंतर्गत कुमारधुबी बाजार के गुप्ता ज्वेलर्स में बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा एल्वेस्टर तोड़ कर हजारों के ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया गया है। चोरों द्वारा दुकान में रखे लोहे का आलमारी को भी तोड़ने का काफी प्रयास किया परंतु वह नाकाम रहा है। दुकान संचालक सह भुक्तभोगी रणधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर अपने घर गया। सुबह जब दुकान खोला तो देखा कि दुकान का एल्वेस्टर टूटा हुआ है और दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जांच किया तो पाया कि लगभग 250 ग्राम चाँदी एवं सिटी गोल्ड से कुछ ज्वेलरी चोरी हुई है। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना कुमारधुबी ओपी को दे दी है। आपको बताते चले कि पूर्व में भी कुमारधुबी बाजार में एक प्रतिष्ठित ज्वेलरी दुकान में चोरी हुई थी। उस दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी लगे हुए थे। चोर साफ दिख रहा था परंतु पुलिस उस चोर को पकड़ने में आज तक असफल रही है जिसके कारण चोरों का मनोबल बढ़ा जा रहा है और इस तरह की घटना को अंजाम देते रहते हैं।

## धनबाद क्लब का सावन सेलिब्रेशन इस बार वेडिंग थीम पर आधारित होगा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को धनबाद क्लब में कल होने वाले सावन सेलिब्रेशन के कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उपस्थित संजीव बीओत्रा, वरीय उपाध्यक्ष वाई एन. नरूला, चेतन गोएनका, विकास शर्मा, रीता चावड़ा,पूनम कुमार एवं गुरदीप कौर संधु ने इस वर्ष क्लब का सावन के सामान्य थीम से अलग हटके आयोजित होने वाले सावन सेलिब्रेशन की विस्तृत जानकारी दी। संजीव बीओत्रा ने बताया कि धनबाद क्लब हर वर्ष चार पांच बड़े कार्यक्रम में प्रस्तुत करता है उन्हीं बड़े कार्यक्रमों में से एक इस बार का सावन सेलिब्रेशन है जो वेडिंग थीम पर आधारित है। वेडिंग थीम पर एक बहुत ही आकर्षक संगीतमय प्ले की प्रस्तुति की जाएगी जिसमें विवाह के दृश्यों को जीवंत किया जाएगा।

## बरौनी और यशवंतपुर के मध्य चलाई जा रही है स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** बरौनी और यषवंतपुर के मध्य चलायी जा रही स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है ।

अब यह बरौनी एवं यषवंतपुर से 07-07 फेरे और परिचालित की जायेगी। वर्तमान में गाड़ी संख्या 05215 बरौनी-यषवंतपुर स्पेषल बरौनी से 12.08.23 तक चलायी जा रही है । इसके परिचालन अवधि में 07 फेरे की वृद्धि करते हुए अब इसे 19.08.23 से 30.09.23 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 05216 यषवंतपुर-बरौनी स्पेषल वर्तमान में यषवंतपुर से 15.08.23 तक चलायी जा रही है । इसके परिचालन अवधि में 07 फेरे की वृद्धि करते हुए अब इसे 22.08.23 से 03.10.23 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी। इस स्पेषल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे ।

# आजादी का अमृत महोत्सव : जनप्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने साझा किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का विवरण

**माननीय जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने का किया आग्रह।**

**12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, को सम्मान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिले के सभी 256 पंचायतों में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज जिले के विधायक व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। साथ ही कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र के वीर सेनानी, वीर शहीद, वीर गति को प्राप्त आर्म्ड फोर्सेस, सेना या पुलिसकर्मी का नाम उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

उपायुक्त ने कहा कि शनिवार, 12 अगस्त 2023, को ÷मेरी माटी मेरा देश÷ कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 256 पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में प्रोटोकॉल के अनुसार एक शिला पट्ट (शिलाफलकम्) का निर्माण किया गया है। जिस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों, वीर शहीदों, वीर गति को प्राप्त आर्म्ड फोर्सेस, सेना या पुलिसकर्मी के नाम दर्ज किए जाएंगे। सबसे पहले इसका अनावरण किया जाएगा।

इसके बाद पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्गान गाया जाएगा। लोग हाथों में मिट्टी या मिट्टी का दीपक लेकर अपनी सेल्फी भी अपलोड कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद अमृत कलश यात्रा के लिए गांव के महत्वपूर्ण स्थल से मिट्टी एकत्रित कर अमृत कलश में रखी जाएगी। प्रखंड प्रमुख संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अमृत कलश सुपुर्द करेंगे। अमृत कलश की मिट्टी का नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के बगल में बनने वाले अमृत वाटिका में प्रयोग होगा।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान के बारे में भी चर्चा की। साथ ही कहा कि अभी जिले में बीएलओ द्वारा डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसमें भी उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने का अनुरोध किया। इसके अलावा मतदान केंद्र के स्थानांतरण, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेक) के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। जनप्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त की यह पहली बैठक थी। बैठक शुरू होने से पहले उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक निरसा अपर्णा सेनगुप्ता, सांसद धनबाद के प्रतिनिधि मानस प्रसून, विधायक झरिया के प्रतिनिधि अमित कुमार, विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि कुमार महतो व अन्य लोग मौजूद थे।

## निदेशक डीआरडीए पहुंचे तारगा बस्ती किया मतदाता सूची का मिलान



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 43 बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के तारगा पंचायत के बूथ संख्या-140 के तारगा बस्ती के मदताडाओ का बूथ लिस्ट के पन्ना में नामो के मतदाता सूची में मिलान करने पहूँचे मुमताज अली अहमद निदेशक डी आर डी ए सह 43 बाघमारा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी धनबाद, उन्होने मतदाताओ से बात किये और फार्म 6,7,8 का बीएलओ द्वारा भरा गया फार्म का जाँच किये। आगे उन्होने 80+ मतदाता के घर में जाकर मिले। आगे दीवाल पर चिपकाया गया स्टीकर का भी जॉच किये साथ ही साथ बूथ में जाकर सारे सुबिधा को भी भौतिक सत्यापन किये। साथ में जिला कम्प्यूटर ऑपरेटर राजु महतो, बी एल ओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बी एल ओ उर्मिला देवी , पिन्टु बनर्जी , जगदीश वाउरी जॉच के समय उपस्थित थे ।

## हाईकोर्ट के आदेश पर झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को भेजा गया रिम्स, पत्नी ने लगाया सरकार पर साजिश का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद एसएनएमसीसीच में इलाजरत झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को शुक्रवार को इलाज के लिए रांची रिम्स के लिए रवाना कर दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक अस्पताल में मौजूद रहे। संजीव सिंह को रिम्स भेजे जाने में विलंब होने पर उनकी पत्नी सह बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एतराज जताया है। पुख्ता सुरक्षा-व्यवस्था के बीच पूर्व विधायक संजीव सिंह को रांची रिम्स भेजा गया।

**संजीव सिंह की पत्नी ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप :-** हीं मौके पर मौजूद संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ने कहा कि पिछले दो दिनों से संजीव सिंह को रिम्स रांची ले जाने की कोशिश जा रही थी, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण उन्हें नहीं भेजा जा सका था। शुक्रवार को भी दो घंटे विलंब से एंबुलेंस मुहैया करायी गई। भाजपा नेता रागिनी सिंह ने कहा कि सरकार ने साजिश के तहत संजीव सिंह को रांची रिम्स इलाज के लिए भेजा है। बता दें कि संजीव सिंह नीरज हत्याकांड मामले में जेल में बंद हैं।

**11 जुलाई को जेल में कुर्सी से गिर गए थे संजीव :-** 11 जुलाई 2023 को जेल के अंदर कुर्सी पर बैठे-बैठे झरिया के पूर्व विधाय संजीव सिंह गिर गए थे।

जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उनके सिर में गहरी चोट आई थी।

जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें एसएनएमसीसीच धनबाद में भर्ती कराया गया था। हालांकि कोर्ट ने पूर्व में ही झरिया विधायक का इलाज रांची रिम्स में कराने का आदेश दिया था। जिस पर उनकी पत्नी रागिनी सिंह ने निजी अस्पताल में संजीव सिंह का इलाज कराने की अपील कोर्ट से की थी। रागिनी सिंह ने रांची रिम्स में संजीव सिंह के जान को खतरा बताया है।

### मायुमो ने मनाया शहीद खुदीराम बोस की शहादत दिवस

## देश की आजादी में शहीद खुदीराम बोस का अहम योगदान : पवन महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** 11 अगस्त मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने आज मासस केंद्रीय कार्यालय में शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन महतो एवं किसान संग्राम समिति के जिला अध्यक्ष ए एम पाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शहीद खुदीराम बोस बचपन से ही देशभक्ति के विचारों से लेते थे। भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के साथ कड़ा संघर्ष किया। 1905 में बंगाल विभाजन के फैसले ने खुदीराम बोस को और आकर्षित कर दिया। वह सत्येन बोस के नेतृत्व में देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। मदीनापुर मेले में अंग्रेजी सरकार के खिलाफ पर्चे बांटने के क्रम में अंग्रेजी अफसर के द्वारा उनको पकड़ने पर उक्त अफसर को घुसा खाना पड़ा। इसके बाद में खुदीराम बोस पकड़ा गया। जहां जज ने उन्हें 15 कोड़े मारने की सजा सुनाई, 8 अप्रैल 1908 को मुजफ्फरपुर में अंग्रेज अधिकारी किंग्सफोर्ड की बग्घी में बम फेंक कर मारने की कोशिश की, लेकिन एक-दूसरे अंग्रेज अधिकारी की पत्नी और बेटी मारी गई। इस मामले में अंग्रेजों ने 11 अगस्त 1908 को खुदीराम बोस को फांसी दे दी। जब खुदीराम बोस को फांसी दी गई। उस समय उनकी उम्र महज 18 साल, 8 महीने और 8 दिन था। किसान संग्राम समिति के जिला अध्यक्ष ए एम पाल ने कहा कि आज की युवा 18-19 साल के उम्र में कॉलेजों में दाखिला लेते हैं या प्रतियोगी परीक्षाएं देने में लग जाते हैं। लेकिन देश के इतिहास में एक ऐसा युवा महज 18 साल की उम्र में हंसते-हंसते देश की आजादी के लिए फांसी पर चढ़ गए। बैठक में मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, विश्वजीत राय, रामलाल दा, बुटन सिंह, रोहित साहू, राहुल दुबे, राहुल रंजन, राजेश दास आदि शामिल थे।

## बाल विवाह के खिलाफ हितधारकों के साथ एक दिवसीय पंचायत स्तरीय कार्यशाला संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** खेलने की उम्र है, बाल विवाह जुर्म है। घर-घर में आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ, हमे चाहिए बाल विवाह से आजादी आदि नारो के साथ आज झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा गर्ल्स नट ब्राइड्स आशा रांची के सहयोग पंचायत सचिवालय कांडरा में विभिन्न हितधारकों के साथ बाल विवाह के खिलाफ पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, मुखिया, सीडब्ल्यूसी बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने संयुक्त रूप से कि किया कार्यशाला में उपस्थित ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष शंकर रवानी ने उपस्थित हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांड्रा पंचायत में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को मिलकर उक्त पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाना है।

## देवरी पुलिस ने पशु तस्कर के 4 वाहन समेत 32 मवेशियों को किया जब्त, तीन लोगों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवरी(गिरिडीह) :** देवरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की अहले सुबह करीब 5 बजे चतरो चकई मुख्य मार्ग स्थित सुखलजोरीया के पास 4 पिकअप वैन में लदे 32 मवेशियों को जप्त लिया है वहीं तीन वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सूरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया जिसमें ए एस आई राधेश्याम चौधरी, एसआई बुधदेव उराव एवं पुलिस जवान शामिल थे और त्वरित कार्रवाई करते हुए देवरी के रास्ते बिहार से बंगाल की ओर पिकअप वाहन में पशुओं को भर कर ले जा रहे पशु तस्करों को वाहन समेत सभी मवेशियों को जब्त कर लिया गया है जिसमें 14 गाय और 2 गाय का बच्चा तथा 9 भैंस और 7 भैंस का बच्चा शामिल है। वहीं देवरी थाना कांड संख्या 116/23 के तहत वाहन चालक रंजीत कुमार, और मिथलेश कुमार यादव भोजपुर तथा जयराम यादव रैवती बलिया तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं सभी वाहन चालकों, मालिकों और संलिप्त व्यापारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।वहीं सभी मवेशियों को पचम्बा गौशाला भेज दिया गया है।

## टुंडी का चहुंमुखी विकास करना मेरा पहली प्राथमिकता : मथुरा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत जमुनियाटांड़ गांव स्थित धुमकुड़िया भवन सह सीटिंग गैलरी का निर्माण कार्य का शिलान्यास आज शुक्रवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर किया गया बताया जाता है कि यह धुमकडिंया सह सिटिंग गैलरी का कार्य कल्याण विभाग के द्वारा बनाया जाना है 7 जिसका प्राकृतिक राशि 20,8,800 इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किसकु ,विधायक के निजी सचिव, बसंत महतो, टुंडी उपमुखिया संतुलाल किसकु ,मनियांडीह पूर्व मुखिया रामेश्वर बासकी, पुरनाडीह पैक्स अध्यक्ष अनिल राम, झामुमो नेता बबलू सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## सीओ से लगाई उच्च स्तरीय जांच की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** चंद्रपुरा प्रखंड के करमाटाड पंचायत अंतर्गत बुढीडीह निवासी मदन मोहन यादव ने अंचलाधिकारी चंद्रपुरा को पत्र प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाते हुए गैर मजरूबा खाते की जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने की मांग किया है।मदन मोहन यादव द्वारा जारी आवेदन में कहा गया है कि मोज़ा बुढसेरा के खाता न0 5 प्लोट संख्या 1223 रकवा 9.5 डिसमिल जमीन पूर्वजों द्वारा खरीदी गई है, जिस पर मकान बना रहा हुं। उक्त जमीन से सटा खाता संख्या एक प्लोट संख्या 1224 के अंतर्गत 15 डिसमिल जमीन पर वर्षों से जोत दखल कब्जा है और निर्माणधीन मकान का निकलने मार्ग है। जबकि उसी जमीन को मुखलाल गोप बोढन गोप द्वारा फर्जी कागजात बनाकर रास्ता को बंद किया जा रहा है। मुखलाल गोप बोढन गोप द्वारा बनायें गये हुक्मनामा की उच्च स्तरीय जांच करते हुए जमीन की भौतिक सत्यापन कराते हूए न्यायोचित फैसला की गुहार लगाई है।

## जनता दरबार : एडीएम लॉ एंड आर्डर ने सुनी जनता की शिकायतें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता ने आज आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या को सुना। समस्या सुनने के बाद उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को उसका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भाटडीह से आई एक महिला ने कहा कि उनकी पैतृक जमीन पर बिना बंटवारा किए जबरन प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है। मना करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। इस संबंध में अंचल अधिकारी बाघमारा एवं भाटडीह ओपी में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। महिला की शिकायत सुनकर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने तुरंत प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा को फोन कर अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही बरोरा थाना से आए एक व्यक्ति ने कहा कि विगत 2 मार्च 2022 को सड़क दुर्घटना में उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में बरोरा थाना में एक मामला भी दर्ज किया गया। परंतु आज तक उन्हें सड़क दुर्घटना में मिलने वाली मुआवजा की राशि नहीं मिली है।

जनता दरबार में पंजी टू में नाम दर्ज कराने, जमीन पर आने जाने के रास्ते पर व्यवधान उत्पन्न करने, विधवा पेंशन नहीं मिलने, खतियानी जमीन का अतिक्रमण करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

# हाथी आने की सूचना के बाद भी गांव नहीं जाने पर वन कर्मियों पर होगी कारवाई : भूषण बाड़ा

## विधायक ने हाथी प्रभावित गांवों का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने की सूचना पर शुक्रवार की सुबह प्रभावित गांव पहुंचे। विधायक हाथी प्रभावित गांव सदर प्रखंड के बेलगढ़ भदराटोली और गिरजाटोली पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। भदराटोली पहुंचने पर ग्रामीण बसंती देवी ने हाथियों द्वारा घर तोड़ कर एक क्विंटल धान को खाने की जानकारी दी। वहीं गिरजाटोली में अनिल केरकेट्टा, ग्रेगोरी केरकेट्टा, जेम्स केरकेट्टा के मिट्टी के बने घर को क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। मौके पर विधायक ने सभी प्रभावितों को आवास दिलाने के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण हाथी आने की सूचना पर सचेत रहें और सुरक्षित स्थान में जाकर इसकी सूचना विभाग को दें। सूचना के बाद भी अगर विभाग के कर्मी हाथी भगाने नहीं पहुंचते हैं, तो इसकी सूचना उन्हें दें। ऐसे अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कारवाई की जाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, रणधीर रंजन, शशि गुड़िया, शिशिर मिंज, सिलबेस्तर बघवार, प्रभुदास केरकेट्टा, जयवंत बरला, मो. अच्छन, सुजीत लकड़ा आदि उपस्थित थे। **गामीणों को हाथी भगाने का दिया गया प्रशिक्षण :** विधायक ने दूरभाष के माध्यम से वन विभाग के कर्मियों को तुरंत गांव पहुंचने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर विभाग के कर्मी गांव पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों को हाथी भगाने का प्रशिक्षण भी दिया। साथ ही मशाल बनाने की भी जानकारी दी। मौके पर विधायक ने हाथी प्रभावितों के बीच जुट बोरा, मोबिल, पटाखा, छड़ आदि का वितरण किया। साथ ही इसका प्रयोग हाथियों को खदेड़ने का निर्देश दिया। वहीं वन कर्मियों को हाथियों को खदेड़ने का निर्देश दिया।

# एमबी डीएवी विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित कक्षा तीसरी के बच्चों के मध्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। देश को आजाद कराने के लिए जो महान बलिदान स्वतंत्रता सेनानियों ने दिया, उसकी कल्पना किए जाने से हमारी रूह कांप जाती है। वे न जाने कितने दर्द और कठिनाइयों से गुजरे होगे। उनके लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप आज हमारे देश में शांति स्थापित की जा सकी है। इनके दिए गए बलिदान को हम कभीं नही चुका सकते है। बच्चों में महान स्वतंत्रता सेनानियों व देश के प्रति सम्मान व प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का कक्षा तीसरी के बच्चों के मध्य आयोजन करवाया गया। जिसमें बच्चों ने नन्हे स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में प्राची विश्वकर्मा ने प्रथम कर्मन सिंह व आराध्या झा ने द्वितीय तथा आहान इकबाल,धैर्य शर्मा व मान्या गुप्ता ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा अन्य बच्चों को माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा उनके प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें चॉकलेट भी बांटे गए।

# झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक के विरोध में भाजयुमो ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेमंत सरकार के द्वारा लाया गया प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023(काला कानून) के खिलाफ छात्रों युवाओं की समस्या को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला लोहरदगा द्वारा भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त,लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा। मौके पर विश्वजीत शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार इस कानून के जरिए छात्र-युवाओं के आवाज को दबाना चाहती है। हेमंत सरकार चोर दरवाजे से राज्य की नौकरी को बेचना चाहती है। इस कानून के तहत अगर परीक्षा में धांधली या प्रश्न पत्रक का लीक भी होता है तो परीक्षार्थी इसका विरोध नहीं कर पायेंगे। छात्रों द्वारा विरोध करने पर 10 लाख तक का जुर्माना और आजीवन कारावास भी हो सकता है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनिष शिखर ने कहा झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक- 2023 अंग्रेजों का काला कानून रालेक्ट एक्ट के समान है इस कानून के माध्यम से झारखंड सरकार युवाओं के सपने को कुचलने का काम कर रही है। यह युवा और छात्र विरोधी कानून हैं। हम सभी युवा मोर्चा के लोग युवाओं और छात्रों के हित में इस काला कानून को निरस्त करने की मांग करते हैं। अन्यथा भारतीय जनता युवा मोर्चा इस काले कानून के विरोध में पूरे झारखंड में उग्र आंदोलन करेगी। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राज मोहन राम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनिष शिखर, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, कमलेश कुशुवहा, श्याम वर्मा, सत्यजीत सिंह, जीवन उरांव, विजय महतो, शुभम पंकज, सूरज दसौंधी, सरजू साहू, पवन प्रजापति, शिवा ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पशुपालकों के बीच किया गया दवा का वितरण

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र उराँव टोली में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं को बीमारी से बचाव के लिये दवा का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा सेन्हा प्रखंड के उराँव टोली में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज सिंह के नेतृत्व में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित पशु स्वस्थ्य शिविर के माध्यम से पतला दस्त, चमकोन, कमजोरी, बाँझपन सहित पशुओं में होने वाले अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बचाव के लिये 32 पुष्पालक किसानों का लगभग 150 पशुओं को दवा दिया गया। साथ ही लम्पी बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने टिका लगवाने का बात कहा। मौके पर सूरज कुमार राम, विजय महतो, शंकर महली, लालकृष्ण शाहदेव के अलावे पशुपालक किसान उपस्थित थे।

# चाल्हो में एकमात्र शिक्षक होने के कारण छात्रों की हो रही है पढ़ाई बाधित : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के ग्राम चाल्हो के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू शुक्रवार को चाल्हो ग्राम पहुंचकर ग्राम में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय स्कूल पहुंचे और वहां के शिक्षक से मुलाकात किये ।मौके पर स्कूल में उपस्थित एकमात्र पारा शिक्षक अनिमा देवी ने बताया कि यहां एक से आठ वर्गो तक की पढ़ाई होता है। 233 बच्चे अभी नामांकित हैं। अभी वर्तमान में मैं एक मात्र शिक्षक हूं ।दो माह पूर्व स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह लंबे समय से इलाज हेतु मुंबई में इलाज रत होने के कारण 233 बच्चों का पठन-पाठन का कार्य अकेले में कर रही हूं। साथ ही बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने सहित अन्य काम भी करना पड़ता है। यहां शिक्षकों की कमी है। मौके पर श्री साहू ने कहा कि मात्र एक शिक्षक होने के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रहीज है जिसके कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है ।श्री साहू ने स्कूल में पाया कि शिक्षक नहीं होने कारण बच्चे नहीं पढ़ रहे हैं। श्री साहू मौके पर से ही लोहरदगा उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता कर उन्हें स्कूल की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र बच्चों को हित को देखते हुए यहां शिक्षकों की बहाली करने की बात कहें।

# उर्सुलाईन बीएड कॉलेज में देशभक्ति कार्यक्रम व नीति प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को उर्सुलाईन बीएड कॉलेज लोहरदगा में देशभक्ति कार्यक्रम सह देश भक्ति झांकी एवं नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए रोहित उरांव इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम से यह वातावरण देशभक्ति के माहौल से ओत प्रोत हो गया हमे सिर्फ 15 अगस्त में 26 जनवरी को ही नहीं बल्कि सर्वदा प्रतिदिन हमारे देश के बलिदानियों महापुरुषों को याद करना चाहिए उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्रगान राष्ट्रगीत का सम्मान करना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने हृदय में संजोए रखना चाहिए। और आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटी में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए, और शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने चारो प्रतिभागी टीम संत अगस्टिन, संत उर्सुला, संत अंजेला, फादर जेलिन लंबॉर्थ को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया,और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य विषय युवा जगत की नई सोच को लेकर विशेष बल दिया गया और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका एवं सहभागिता को लेकर विशेष संदेश दिया गया और देशभक्ति झांकियां नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# शिविर में पशुओं को जांच कर दिया गया नि:शुल्क दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर शिविर में लगभग 60 पशुपालक किसानों का 350 पशुओं का जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया। वही पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार द्वारा सभी ग्रामीणों को पशु का रख रखाव के बारे में बताते हुए लम्पी, लंगड़ी, गलफुली जैसे अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के लिये गाय, मुर्गी, बकरी, शूकर पालन योजना के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर शिविर में मुखिया शोभा देवी, पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार तथा मैत्री कार्यकर्ता राहुल कुमार, संजय सिंह के अलावे अन्य सैकड़ो ग्रामीण पशुपालक किसान उपस्थित थे।

# आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले संगठन को बनाए धारदार : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी तत्वधान में लीडर डेवलपमेंट मिशन की आवश्यक बैठक राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में एवं जिला कॉर्डिनेटर दीपक ओझा एवं प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद की उपस्थिति में की गई। श्री ओझा ने कहा की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लीडर डेवलपमेंट मिशन का कार्य चल रहा है जिसके तहत संगठन को जिला स्तर, प्रखंड स्तर,एवं पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त करना है और आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के वैसे कार्यकर्ताओं को जो कांग्रेस के लिए काफी सक्रिय एवं निष्ठावान है उनके अंदर नेतृत्व क्षमता को विकसित करके उन्हें संगठन में उचित पद देते हुए आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश प्रतिनिधि सह बिशुनपुर प्रभारी नेसार अहमद ने कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करना है इस निमित्त जिला स्तर प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर काम करना है जिसके तहत महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सेवादल, ओबीसी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ एससी प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति कर उनकी पूरी कमेटी बनाई जाएगी।

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

53वीं औपबंधिक सूची
जिला–चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–सिमरिया थाना काण्ड संख्या–112/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाश सिंह द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 100–150 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–30/23<br>2. आवेदक–देवकी साव पिता–स्व0 भरषी साव<br>3. ग्राम–बाना साड़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–77 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–सुरेश साहू पिता–भुनेश्वर साहू<br>3. ग्राम–बाना साड़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–32/23<br>2. आवेदक–उदय राम पिता–स्व0 बैजनाथ राम<br>3. ग्राम–बाना साड़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–33/23<br>2. आवेदक–जगदीश साव पिता–स्व0 भूखन साव<br>3. ग्राम–पुण्ड्रा पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–63, 588<br>2. आवेदक–जागेसर राणा पिता–स्व0 बबुन राणा<br>3. ग्राम–लिपदा पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–34/23<br>2. आवेदक–जर्नादन साव पिता–स्व0 झरी साव<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–पुण्डरा थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–46 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–35/23<br>2. आवेदक–ललित राम पिता–स्व0 दुखन राम<br>3. ग्राम–बाना साड़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–36/23<br>2. आवेदक–महेन्द्र महतो पिता–देवचुल्हन महतो<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–37/23<br>2. आवेदक–किशोर साव पिता– स्व0 उमर साव<br>3. ग्राम–डाडी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–171/23<br>2. आवेदक–रीता देवी पति–लखन महतो<br>3. ग्राम–बासोबार पोस्ट–दारू थाना–दारू प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–महिला आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–109/23<br>2. आवेदक–कबुतरी देवी पति–बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–दिगवार पोस्ट–दिगवार थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला आयु–61 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–खलारी थाना काण्ड संख्या–39/98 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रभुदयाल पासवान द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 200–250 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम तथा पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–136, 39/23<br>2. आवेदक–रोहन प्रजापति पिता– स्व0 सोमर प्रजापति<br>3. ग्राम–लुपुंगा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–670, 41/23<br>2. आवेदक–धनेश्वर प्रजापति पिता–पुनीत प्रजापति<br>3. ग्राम–लुपुंगा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–38/23<br>2. आवेदक–दिनेश्वर दाँगी पिता– स्व0 केशव माहतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–61 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–516, 40/23<br>2. आवेदक–शत्रुधन कुमार सिंह पिता– स्व0 कुलदीप सिंह<br>3. ग्राम–गोडरा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–314<br>2. आवेदक–रामचन्द्र राणा पिता– स्व0 सुर्यनारायण राणा<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–765<br>2. आवेदक–सुखदेव मिस्त्री पिता– स्व0 जगदीश मिस्त्री<br>3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–149<br>2. आवेदक–रेणु देवी उर्फ रीना देवी पति–प्यारी राणा उर्फ प्यारे राणा<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–397<br>2. आवेदक–गेन्दो राणा पिता– स्व0 बालो राणा<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–512<br>2. आवेदक–लीला देवी पति–भागीरथी राणा<br>3. ग्राम–गिद्धौर पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–648<br>2. आवेदक–रिंकु देवी पति–दयानन्द राणा<br>3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–महिला आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–763<br>2. आवेदक–जीरा देवी पति–स्व0 अशोक मिस्त्री<br>3. ग्राम–दीभा पोस्ट–चतरा थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–782<br>2. आवेदक–राजदेव राणा पिता–स्व0 जगदीश राणा<br>3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–154<br>2. आवेदक–जगदेव भुईया पिता–स्व0 सेवा भुईया<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–71 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–213<br>2. आवेदक–रामचरित्र राय पिता–स्व0 नागेश्वर राय<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–75 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–595<br>2. आवेदक–महेन्द्र गंझू पिता–स्व0 गुडन गंझू<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0–146<br>2. आवेदक–महेन्द्र राणा पिता–स्व0 सुर्यनारायण राणा<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 28 | 1. आवेदन क्र0–219<br>2. आवेदक–रेशमी देवी पति–नारो यादव<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0–767<br>2. आवेदक–राजेन्द्र राणा पिता–देवलाल राणा<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0–647<br>2. आवेदक–डेगनी देवी पति–रामधनी यादव<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 31 | 1. आवेदन क्र0–437<br>2. आवेदक–देवलाल राणा पिता–स्व0 चुल्हन राणा<br>3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–81 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 32 | 1. आवेदन क्र0–593<br>2. आवेदक–महरू मिस्त्री पिता–स्व0 बालो मिस्त्री<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–79 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 33 | 1. आवेदन क्र0–795<br>2. आवेदक–दयानन्द राणा पिता–स्व0 जगदीश राणा<br>3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0–764<br>2. आवेदक–शान्ति देवी पति–राम सेवक मिस्त्री<br>3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–महिला आयु–66 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0–42/23<br>2. आवेदक–रामनरेश यादव पिता–हीरा यादव<br>3. ग्राम–लेम पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–43/23<br>2. आवेदक–मनोज सिंह पिता–स्व0 पृथ्वी सिंह<br>3. ग्राम–लेम पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–44/23<br>2. आवेदक–संगीता देवी पति–विनोद कुमार पाठक<br>3. ग्राम–गांगपुर पोस्ट–गांगपुर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–45/23<br>2. आवेदक–उषा कुमारी पिता–स्व0 गन्नु ठाकुर<br>3. ग्राम–गांगपुर पोस्ट–गांगपुर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला आयु–40 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–46/23<br>2. आवेदक–डॉ केदार पाण्डेय पिता–स्व0 वासुदेव पाण्डेय<br>3. ग्राम–ऊँटा पोस्ट–ऊँटा थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–47/23<br>2. आवेदक–रंजीत रजक पिता–स्व0 जगेश्वर रजक<br>3. ग्राम–ऊँटा पोस्ट–ऊँटा थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 304473 (Home) 23-24 (D)


## चलते चलते एक नजर

### दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं खिलाड़ी : नित्यानंद राय

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि हमारे खिलाड़ी पूरी दुनिया में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। केन्द्र सरकार खिलाड़ियों को हर संभव अवसर और सुविधा दिलाने का काम कर रही है।राय ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में कनाडा से 20वें विश्व पुलिस एवं फायर खेल - 2023 में हिस्सा लेकर लौटे भारतीय पुलिस दल के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पुलिस एवं फायर खेल- 2023 में हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने देश का मान बढ़ाया है। कनाडा गए 133 खिलाड़ी 341 पदक लेकर लौटे हैं। सभी बधाई के पात्र हैं। उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान पदक विजेताओं की टीमों को गृह राज्य मंत्री ने सम्मानित किया। इस दौरान गृह सचिव अजय कुमार भल्ला सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। 20वें विश्व पुलिस एवं फायर खेल-2023 में हमारे राज्य पुलिस के जवानों सहित केन्द्रीय बल से कुल 133 जवानों ने कनाडा में हिस्सा लिया लिया । इसका आयोजन 28 जुलाई से 06 अगस्त तक हुआ था।

### स्वतंत्रता दिवस पर ब्रिटेन में खालिस्तानी कर सकते हैं दूतावास पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक मिशनों पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की आशंका के सम्बंध में शुक्रवार को कहा कि हम ब्रिटेन के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि सभी मेजबान देशों की जिम्मेदारी है कि वे भारतीय राजनयिक मिशनों और वहां कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के दिन अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। कोई ब्योरा न देते हुए उन्होंने कहा कि हमें कुछ धमकियों की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम तुगेंदट ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि खालिस्तान समर्थक उग्रवादी तत्वों पर काबू पाने के लिए सुरक्षा उपायों के मद में 95 हजार पाउंड की धनराशि आवंटित की गई है।




# सुप्रीम कोर्ट ने जजों-वकीलों पर हमले की घटनाओं पर जताई चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसरों में गोलीबारी, जजों, वकीलों पर हमले की घटनाओं को लेकर सख्ती दिखाई है. सुप्रीम कोर्ट ने हाल की गोलीबारी की घटनाओं पर चिंता जताई है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसरों में सुरक्षा को लेकर सभी हाईकोर्ट से 10 अक्तूबर तक एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी. कोर्ट ने कहा कि हम मामले का निपटारा नहीं करेंगे. अगली तारीख 12 अक्टूबर को मामले पर सुनवाई होगा. कोर्ट ने कहा कि यह विस्तृत दिशा निर्देशों वाला फैसला अपलोड किया जाएगा. हमने विभिन्न हाईकोर्ट से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार



पर कुछ निर्देश जारी किए हैं. हमने अदालत परिसरों के अंदर गोलीबारी की हालिया घटनाओं पर भी विचार किया है. हम मामले को लंबित रख रहे हैं. हमने 10 अक्टूबर तक प्रारंभिक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है. गौरतलब है कि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने धनबाद में जज उत्तम आनंद की हत्या के मामले में कोर्ट संज्ञान कार्यवाही लिया था. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में कड़ी फटकार लगाते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया था. इतना ही नही जजों के मामले में शिकायतों पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों से नाराजगी भी जताई थी.

**विपक्षी गठबंधन के नाम के खिलाफ याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट : चुनाव आयोग जाइए:** विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया. कोर्ट ने कहा कि इस तरह का मामला चुनाव आयोग में रखा जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सीधे सुनवाई नहीं कर सकता है. याचिकाकर्ता की तरफ से राजनीतिक नैतिकता का सवाल उठाने पर कोर्ट ने कहा, हम यहां राजनीतिक दलों की नैतिकता पर सुनवाई नहीं कर सकते.

## युवक के साथ मारपीट जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सदर थाना क्षेत्र के एडवांस डायग्नोसिस सेंटर के समीप एक युवक के साथ शुक्रवार को मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कृष्ण कुमार ने एक नामजद दिपोदर कुमार सहित पांच युवकों पर मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कृष्णा कुमार अपने घर से देर रात में खाना रेस्टोरेंट जा रहा था। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजर रहे थे । बाइक सवार बिना कारण कृष्णा के सिर पर मारा। किस संबंध में पूछने पर अन्य युवकों को बुलाकर फाइबर से मारपीट की। इससे कृष्ण कुमार के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है।

## दलगत भावना से ऊपर है शहर का विकास : प्रथम महापौर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपनी बातों के क्रम में कहा कि यह एक शुभ संकेत है कि अन्य दल के लोग भी शहर में गिरते पानी के लेयर को देखते हुए कोयल को बांधने की बात कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में बोर्ड द्वारा कोयल को बांधने एवं विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर गढ़वा की ओर जाने वाली गाड़ियों को सीधे निकालने हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजा है। लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रथम महापौर ने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू, फेस 3 भी हमारे शहर के लिए अति आवश्यक है। इसकी भी लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। प्रथम महापौर ने बताया कि कुछ जन-जन से जुड़ी ऐसी चीजें होती है जिस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सामूहिक प्रयास होना चाहिए। तभी शहर के नागरिकों को मूलभूत समस्याओं से निजात मिलेगा।

मैं हमेशा जनहित के मामलों में दलगत भावना से हटकर सामूहिक प्रयास में विश्वास करती हूं। जहां भी इस तरह जनहित का मुद्दा चाहे किसी भी दल से उठेगा मैं अपना हर संभव समर्थन एवं सहयोग दूंगी। जो लोग सरकार में है, मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि उपरोक्त तीनों मुद्दे हम सबो के शहर के लिए अति आवश्यक है। जिसे पूर्ण करने का प्रयास अवश्य होना चाहिए।

## राज्यसभा ने सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को दी विदाई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को सदन से सेवानिवृत्त होने जा रहे सदस्यों को विदाई दी गई। उच्च सदन से 9 सदस्य सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इनमें से चार दोबारा सदन में चुनकर आए हैं। उच्च सदन से आज 9 सदस्य सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। ये दिनेशचंद्र जेमलभाई अनावडिया (गुजरात) जुगलसिंह माथुर (गुजरात) एस जयशंकर (गुजरात) डेरेक ओ ब्रायन (पश्चिम बंगाल) डोला सेन (पश्चिम बंगाल) प्रदीप भट्टाचार्य (पश्चिम बंगाल) सुष्मिता देव (पश्चिम बंगाल) शांता छेत्री (पश्चिम बंगाल) सुखेंदु शेखर रे (पश्चिम बंगाल) हैं। इनमें से चार एस जयशंकर, डोला सेन, शुभेंदु



शेखर राय और डेरेक ओ ब्रायन दोबारा सदन में चुनकर आ गए हैं। सभापति जगदीप धनखड़, विपक्ष के नेता और नेता सदन ने उन्हें शुभकानाएं दीं। राज्यसभा में आज विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता सदन अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किए जाने का मुद्दा उठाया। खड़गे ने कहा कि नेता सदन एक महत्वपूर्ण पद होता है। वह कई समितियों का अध्यक्ष होता है । छोटे से कारण पर उसका निलंबन सही नहीं है। उन्होंने केवल एक नाम लिया था और उन्हें निलंबित कर दिया गया।

## अभिजीत ग्रुप का लोहा पाइप चोरी कर रहे एक मजदूर की मौत, दूसरा घायल, रिम्स रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ** : बालूमाथ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा पर स्तिथ धाधु पंचायत के मेहरादोहर जंगल में अभिजीत ग्रुप का पाइप लाइन में बिछाए गए लोहा का पाइप को गैस कटर से काटने के दौरान मिट्टी धंसने व पाइप की चपेट में आने से महादेव उरांव 27 वर्ष पिता कमना उरांव ग्राम धाधु थाना बालूमाथ निवासी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।जबकि गैस कटर से काट रहा स्क्रैप माफिया मो0 सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के संबंध में मौके पर मौजूद सुरेश मुंडा ने बताया कि मो0नेहाल ,मो0 मुस्ताक, दोनों ग्राम धाधू एवं अफसर खान ग्राम चकला तीनों हम सात मजदूरों को 500 रुपये प्रत्येक रात देने को लेकर अभिजीत ग्रुप का पाइप लाइन काटने के लिए ले गया था।रात्रि 2ः00 बजे गैस कटर से पाइपलाइन



को काटा जा रहा था और हम लोग सभी सात मजदूर पाइप को काटने में सहयोग कर रहे थे ।इसी बीच पाइप कटने के बाद बगल के मिट्टी और पाइप दोनों एकाएक महादेव व सोनू के ऊपर जा गिरा। जिससे महादेव उराँव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी घटना के बाद मौके पर मौजूद लोहा काट रहे लोगों ने इसकी सूचना अन्य स्क्रैप माफिया को दिया । जिससे रात्रि में ही कई स्क्रैप माफिया घटनास्थल पर पहुंचकर मोहम्मद सोनू को लेकर रांची इलाज कराने के लिए निकल गए ।वही मृतक के बड़ा भाई बबलू उरांव को सूचना मिलने के बाद रात्रि में घटना स्थल पर पहुंचकर अपने भाई के शव को टेंपो में लादकर अपने घर ले आया। इधर घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस शुक्रवार की सुबह मृतक के घर पहुंचकर महादेव उराँव के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया ।ज्ञात हो कि अभिजीत ग्रुप चकला से लेकर दामोदर तक बिछाए गए पाइपलाइन के 33 हजार लाइन में लगे 13 मीटर का पोल को स्क्रैप माफिया करोड़ों रुपए की संपत्ति पिछले 8 माह से लगातार पूरी रात लोहा की चोरी करते आ रहे हैं।

इस कारोबार में बालूमाथ और चंदवा के आधा दर्जन कबाड़ी दुकान संलिप्त है। वही इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया मामले की सूचना के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है ।और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड की आशा किरण बारला ने यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता रजत

**रांची** : झारखंड की आशा किरण बारला ने स्पेन के त्रिबांगो में आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में 800 मीटर की दौड़ 2.04:99 मिनट समय में पूरा करके रजत पदक जीता है। आशा यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाली झारखंड की पहली एथलीट बन गई हैं। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की गिल ने 2.02:30 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशा भाटिया एथलेटिक्स अकादमी बोकारो की एथलीट हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में टॉप पर रहते हुए आशा ने फाइनल में जगह बनाई थी। चार से 13 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 35 सदस्यीय भारतीय टीम हिस्सा ले रही है। रजत पदक जीतने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कोच आशु भाटिया समेत सभी प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने आशा किरण बारला को बधाई दी।

## देश सेवा में माझी समाज सदैव रहा है अग्रणी: केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

एजेंसी

**ग्वालियर:** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जितनी पुरानी भारत की संस्कृति है, उतना ही पुराना माझी समाज है। जब-जब देश को जरूरत पड़ी तो माझी समाज की विभूतियों ने आगे आकर सहयोग किया। त्रेतायुग में वन-गमन के समय भगवान राम को माता-सीता एवं भैया लक्ष्मण सहित माझी समाज के केवट व निषादराज महाराज ने गंगा पार कराई। इसी तरह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीर तिलका मांझी ने स्वतंत्रता की अलख जगाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर किए। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शुक्रवार को ग्वालियर के लधेड़ी क्षेत्र में सागरताल रोड़ पर स्थित पटेल गार्डन में माझी समाज द्वारा आयोजित संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि माँझी समाज की माँगों व समस्याओं का



समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम बाथम, माँझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष केशव माँझी, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी सहित माझी समाज के अन्य पदाधिकारी मंचासीन थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माझी, बाथम, ढीमर, मल्लाह, भोई व निषाद समाज के बंधुजन व महिलाओं ने हिस्सा लिया।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार माझी समाज सहित सभी समाजों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मछुआ कल्याण बोर्ड का गठन कर सीताराम बाथम को इसके अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिंधिया ने माझी समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे समाज के कार्यक्रमों के मंचों पर वीर तिलका माझी के चित्र भी अवश्य लगाएँ, जिससे नई पीढ़ी उनकी वीरगाथा से अवगत हो सके। उन्होंने कहा कि ग्वालियर तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है।

## आनंदित जीवन कैसे जिएं विषय पर आयोजित हुआ वेलनेस कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सीसीएल और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ योगा एंड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में आज मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में आनंदित जीवन कैसे जिए विषय पर एक वेलनेस कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया थे। अवसर विशेष पर सीएमपीडीआई सीएमडी श्री मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक तकनीकी(सं.) श्री रामबाबू प्रसाद ,निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र, निर्देशक तकनीकी (यो./ परि.) श्री बी साइराम ,निदेशक (वित्त) श्री पी के मिश्रा, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष , श्रमिक संघ के नेता, सेवानिवृत कर्मी एवं बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। समर्थ गुरु सिद्धार्थ आलिया ने अपने व्याख्यान में आनंदित जीवन व्यतीत करने के अनेक मंत्र दिए। उन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर विस्तार से चर्चा करते कई आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दिए गए सुझाव पर अमल कर इस भौतिक जीवन में भी ऑफिस एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन कर जीवन आनंदपूर्वक बिताया जा सकता है। इस आध्यात्मिक विमर्श में जीवन के विभिन्न पहलुओं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया ।

जिसका सार आनंद था। इस सत्र में समर्थगुरु ने दर्शकों के प्रश्नों का यथोचित उत्तर भी दिया। उपस्थित सभी ने इस विमर्श की खूब सराहना करते हुए कहा कि इस सत्र से निश्चित रूप से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## यूपी एसटीएफ ने कुंदन को किया गिरफ्तार

**रांची:** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार को रांची में छापेमारी कर ठगी के आरोपित कुंदन कुमार को कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को उसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश के कानपुर ले जाया गया। कुंदन पर 2 करोड़ 65 लाख 88 रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। फिलहाल कांके रोड में रहता था। एसटीएफ की टीम ने कांके थाना पुलिस के सहयोग से कुंदन को छापेमारी कर गिरफ्तार किया।



## मणिपुर में शांति बहाली के लिए सक्रिय हुई भारतीय सेना, पूर्वी कमांडर ने किया दौरा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** मणिपुर में शांति बहाली के लिए भारतीय सेना सक्रिय हो गई है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता ने दो दिवसीय दौरा करके शांति बहाल के लिए वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ भी बातचीत की। भारतीय सेना ने हाल ही में दर्ज हुई एफआईआर पर असम राइफल्स का बचाव करते हुए इसे छवि खराब करने का मनगढ़ंत प्रयास बताया है।

पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता 09 और 10 अगस्त को मणिपुर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ बातचीत की। उन्होंने वर्तमान



स्थिति और भविष्य की उन योजनाओं पर चर्चा की, जिससे शांति बहाली के उपाय किये जा सकें। सेना कमांडर ने विष्णुपुर, चुराचांदपुर और मंत्रिपुखरी का दौरा किया और वर्तमान स्थिति पर जानकारी हासिल प्राप्त की। जनरल कालिता ने सिविल सोसायटी संगठनों और प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ भी बातचीत की और राज्य में सामान्य स्थिति लाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। सेना ने एक बयान में कहा है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स को बदनाम करने की मनगढ़ंत कोशिश की है। असम राइफल्स के खिलाफ 5 अगस्त को पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर पर भारतीय सेना ने असम राइफल्स का बचाव किया है। पुलिस ने इस प्राथमिकी में असम राइफल्स पर उनका रास्ता रोकने का आरोप लगाया है, जब वे कथित कुकी उग्रवादियों का पीछा कर रहे थे। एफआईआर में दावा किया गया है कि इन हथियारबंद आतंकवादियों ने कई दिन पहले तीन लोगों की हत्या कर दी थी, इसलिए उन्हें घेरने के लिए पीछा किया जा रहा था लेकिन असम राइफल्स बीच में रोड़ा बन गई। सेना की स्पीयर कोर ने एक बयान में कहा कि कुछ शत्रु तत्वों ने 3 मई से मणिपुर में लोगों की जान बचाने और शांति बहाल करने की दिशा में लगातार काम कर रहे केंद्रीय सुरक्षा बलों, विशेष रूप से असम राइफल्स की भूमिका, इरादे और अखंडता पर सवाल उठाने के बार-बार और असफल प्रयास किए हैं। असम राइफल्स हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने में लगा हुआ है। सेना ने कहा कि असम राइफल्स के साथ वह संघर्षग्रस्त मणिपुर में हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास को रोकने के लिए कार्रवाई करने में दृढ़ बनी रहेगी।सेना ने कहा कि यह समझने की जरूरत है कि मणिपुर में जमीन पर स्थिति की जटिल प्रकृति के कारण, विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच सामरिक स्तर पर कभी-कभी मतभेद होते हैं।